
UPHIN/2011/39718 (डिजिटल संस्करण) बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर
Digital Edition

यंग भारत तेज न्यूज़
सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-186 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) गुरूवार 18 जून 2026 youngbharatE-paper.com

## सीएम योगी ने लिए 4 ऐसे फैसले कि झूम उठेगा पूरा प्रदेश

### यूपी वालों के लिए आई बड़ी खुशखबरी!



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक



( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक बार फिर पूरी तरह से एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं. राज्य की जनता को सीधी राहत देने और कानून-व्यवस्था को पूरी तरह चाक-चौबंद करने के लिए सीएम योगी ने एक बेहद उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक बुलाई. इस महत्वपूर्ण बैठक में उन्होंने राज्य के प्रशासन, कानून-व्यवस्था की स्थिति, आगामी परीक्षाओं की सुरक्षा व्यवस्था और आने वाले बड़े आयोजनों को लेकर कई बेहद अहम और कड़े निर्देश जारी किए हैं.

इस बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने जहां एक तरफ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को बहुत बड़ी राहत देने वाले शानदार फैसले लिए, वहीं दूसरी तरफ आगामी त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी तरह की ढिलाई न बरतने की बात कही. उन्होंने प्रशासनिक जवाबदेही को पूरी तरह से स्पष्ट करते हुए अधिकारियों को कड़े लहजे में चेतावनी भी दी है. आगामी नीट परीक्षा को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने छात्रों की सहूलियत के लिए एक विशेष और बेहद सराहनीय व्यवस्था की घोषणा की है. इस परीक्षा में शामिल होने वाले सभी अभ्यर्थियों को यूपी रोडवेज की बसों में अपना एडमिट कार्ड (प्रवेश पत्र) दिखाने पर यात्रा किराए में सीधे 50% की भारी छूट दी जाएगी. इतना ही नहीं, दूसरे दूर-दराज के जिलों से परीक्षा देने आने वाले जिन गरीब और जरूरतमंद छात्रों के पास बड़े शहरों में ठहरने की कोई उचित सुविधा नहीं है, उनके लिए सरकार की तरफ से अस्थायी आवास (रहने का इंतजाम) की व्यवस्था भी कराई जाएगी. सरकार का मुख्य उद्देश्य यह है कि किसी भी होनहार अभ्यर्थी को परीक्षा के दौरान किसी भी तरह की मानसिक या शारीरिक परेशानी का सामना न करना पड़े. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को सोशल मीडिया पर परीक्षा से जुड़ी किसी भी तरह की अफवाहों, लीक की खबरों और भ्रामक सूचनाओं पर तुरंत और बेहद सख्त कानूनी कार्रवाई करने के सख्त निर्देश दिए हैं. पूरे राज्य के प्रशासन को यह साफ तौर पर सुनिश्चित करने को कहा गया है कि आगामी सभी परीक्षाएं पूरी तरह से शांतिपूर्ण, पारदर्शी और निष्पक्ष माहौल में संपन्न हों. यूपी सरकार का यह कदम पूरी तरह से छात्रों के व्यापक हित में एक सुरक्षित परीक्षा प्रणाली बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया गया है. आगामी मोहर्रम के त्योहार को लेकर मुख्यमंत्री ने बेहद स्पष्ट और कड़े निर्देश जारी किए हैं. उन्होंने साफ कहा कि सभी धार्मिक परंपराओं का पूरा सम्मान किया जाएगा, लेकिन किसी भी सूरत में किसी भी तरह की नई परंपरा शुरू करने की अनुमति बिल्कुल नहीं दी जाएगी. जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार के घातक हथियारों के खुलेआम प्रदर्शन पर पूरी तरह से रोक रहेगी. इसके साथ ही, कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ताजिया की ऊंचाई को लेकर भी बेहद कड़े नियम तय किए गए हैं, जिसके तहत अब जुलूस में 10 से 12 फीट से अधिक ऊंचाई के ताजिया रखने की अनुमति नहीं होगी. जुलूस के दौरान डीजे, लाउडस्पीकर और ढोल-ताशे के अनियंत्रित व कानफोड़ू उपयोग पर भी पूरी तरह नियंत्रण रहेगा. स्थानीय पुलिस और प्रशासन को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि माहौल बिगाड़ने की किसी भी कोशिश या गड़बड़ी पर तुरंत एक्शन लिया जाए.

## टीएमसी- शिवसेना यूबीटी की तरह सपा में भी टूट!

### रामगोपाल यादव ने बीजेपी हाईकमान को सौंपी चिट्ठी? इस नेता के दावे से सियासी हलचल



( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** (सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी) प्रमुख और उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने एक बड़ा राजनीतिक बयान देकर हलचल मचा दिया है. उन्होंने दावा किया कि समाजवादी पार्टी (सपा) में जल्द ही बड़ी टूट होने वाली है. राजभर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर लिखा, 'समाजवादी पार्टी में बड़ी टूट होगी. राम गोपाल यादव ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जी को चिट्ठी सौंपी है. खनन घोटाला और गोमती रिवर फ्रंट घोटाला का मास्टरमाइंड कौन है, पूरा उत्तर प्रदेश जानता है. शिकंजा कस रहा है तो सपा परेशान है.'

उन्होंने आगे लिखा, 'महाराष्ट्र बंगाल छोड़िए, समूची सपा भाजपा में शामिल होने को तैयार बैठी है.' राजभर के इस बयान से उत्तर प्रदेश की राजनीति में हलचल मच गई है. 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले अगर सपा में विभाजन होता है तो विपक्षी महागठबंधन को भारी नुकसान पहुंच सकता है.सपा पर घोटालों का आरोप ओमप्रकाश राजभर ने सपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि खनन घोटाला और गोमती रिवर फ्रंट घोटाले के मास्टरमाइंड को पूरा प्रदेश जानता है. उन्होंने दावा किया कि प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई से सपा नेतृत्व परेशान है, जिसके चलते पार्टी में बेचैनी बढ़ गई है. राजभर, जो वर्तमान में भाजपा नीत एनडीए सरकार में मंत्री हैं, लंबे समय से सपा पर हमले बोलते रहे हैं. उन्होंने पहले भी अखिलेश यादव की पार्टी पर कई मौकों पर निशाना साधा है. राजभर के बयान के बाद यूपी की राजनीति में सियासी पारा चढ़ गया है. सपा की ओर से अभी तक इस बयान पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि पार्टी इसे राजभर की साधारण राजनीतिक रणनीति मान रही है.

## सुर्खियां.............

### परिवहन विभाग ने चलाया विशेष चैकिंग अभियान

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** परिवहन विभाग द्वारा यात्रियों की सुरक्षा और नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए अवैध रुप से संचालित व परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध जनपद के विभिन्न मार्गों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। उक्त अभियान के दौरान 04 बसों के विरुद्ध चालान/निरुद्ध की कार्यवाही की गई।

### चलती कार में अचानक लगी आग, कार सवार ने कूद कर बचाई जान

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** मंगलवार को देर रात औरैया मार्ग पर ग्राम जगनेवा के पास चलती कार में अचानक आग लग गई। कार में सवार मालिक ने कार से निकल जान बचाई। सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक कार जलकर हो गई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गढ़गुवां निवासी हाल निवास गांधीनगर उरई संजय दुबे अपनी कार से मंगलवार की रात औरैया मार्ग से उरई स्थित घर वापस जा रहे थे। जालौन-औरया मार्ग पर जगनेवा के पास अचानक चलती हुई कार से धुआं निकलने लगा। धुआं निकलते देखकर वह कार रोककर उससे उतर गए।

### यमुना में मिली औरैया की युवती की लाश

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** औरैया जिले से लापता हुई 18 वर्षीय युवती का शव जालौन के कुठौंद थाना क्षेत्र अंतर्गत शनगढ़ घाट स्थित यमुना नदी में उतराता हुआ मिला, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मृतका की पहचान औरैया कोतवाली क्षेत्र के सलैया गांव निवासी जितेंद्र सिंह की पुत्री काजल सिंह के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, काजल 10 जून की सुबह कोचिंग जाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन इसके बाद वह वापस नहीं लौटी।

## यूपी की छात्राओं को मुफ्त स्कूटी के लिए नियम तय, इन बेटियों को योगी सरकार देने जा रही सौगात

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश की योगी सरकार अपना एक और वादा पूरा करने जा रही है। छात्राओं को मुफ्त स्कूटी बांटने की तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। इसके लिए नियम भी तय कर लिए गए हैं। कॉलेजों को इस बारे में प्रोफार्म भेजकर नियम पूरा करने वाली यानी पात्र छात्राओं का ब्योरा मांगा गया है। ब्योरा आते ही स्कूटी के लिए चयनित छात्राओं की सूची जारी कर दी जाएगी। योगी सरकार ने पिछले चुनाव से पहले छात्राओं को स्कूटी देने का वादा किया था। इसी वादे को पूरा करने के लिए बजट में स्कूटी के लिए 400 करोड़ रुपए का आवंटन भी किया गया था। ऐसे में पहले चरण में 45 हजार छात्राओं को स्कूटी मिल सकती है।



छात्राओं को मुफ्त स्कूटी योजना का नाम रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना रखा गया है। राज्य विश्वविद्यालयों और डिग्री कॉलेजों में पढ़ने वाली छात्राओं को स्कूटी बांटी जाएगी। सीएम योगी के निर्देश पर उच्च शिक्षा विभाग की ओर से इसका प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। इसके तहत जिन छात्राओं के परिवार की वार्षिक आय 12 लाख से कम होगी उन्हें मुफ्त स्कूटी दी जाएगी। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने मंगलवार को बताया कि उच्च शिक्षा विभाग की ओर से राज्य विश्वविद्यालयों व कॉलेजों से 80, 85 व 90 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाली स्नातक प्रथम वर्ष की छात्राओं का डाटा मांगा गया है। इसी के आधार पर पहले चरण की छात्राओं का चयन होगा। उन्होंने यह भी बताया कि छात्राओं को पेट्रोल से चलने वाली स्कूटी दी जाएगी। यूपी के विश्वविद्यालयों में करीब नौ लाख छात्राएं पढ़ाई कर रही हैं। अब तय किए गए नियमों के अनुसार स्नातक और स्नातकोत्तर की छात्राओं को स्कूटी की सौगात दी जाएगी। सरकार का मानना है कि स्कूटी से छात्राओं को प्रोत्साहन देने के साथ ही आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाना भी है। बहुत सी मेधावी छात्राएं कोई साधन नहीं होने के कारण भी कॉलेज नहीं जा पाती हैं। ऐसे में स्कूटी उन्हें कॉलेज तक लाने में भी मदद कर सकेगी।

प्रस्ताव पर शासन की हरी झंडी मिलते ही पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन किया जाएगा, ताकि पारदर्शिता भी बनी रहे। राज्य विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में यूनिफार्म लागू करने के मामले पर उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि हमने इसका डाटा मंगवाया है। इसका अध्ययन किया जा रहा है। लगभग 75 फीसदी महाविद्यालयों में यूनिफार्म का प्रयोग हो रहा है। अभी इसके लिए कोई शासनादेश जारी नहीं हुआ है। शेष कॉलेजों के लिए भी आदेश जारी करेंगे। यह अनुशासन के लिए बहुत जरूरी है।

## क्या सच में झूठा है वेंकटेश् ज्वेलर्स के मालिकों के विरुद्ध चांदी हड़पने का मुकदमा ?

### बहुचर्चित चांदी हड़पने के मामले में एक पुलिस अधिकारियों के करीब रहने वाले ज्योतिषाचार्य की भी हो रहीं हैं चर्चाएं

(क्राइम डेस्क)
(यंग भारत न्यूज)




**उरई।** शहर के आति प्रतिष्ठित और खानदानी सर्राफा व्यवसायी संतोष एवम उनके पुत्र रोचन माहेश्वरी के विरुद्ध कोतवाली में 10 किलो चांदी हड़पने का मामला शहर तो छोड़िए जिले भर में चर्चा का विषय बना हुआ है। यहां यह उल्लेखनीय है कि उक्त आरोपी का पूरा परिवार सर्राफा का कारोबार करता है और इनके खानदान की बाजार में कई दुकानें हैं जहां पूर्ण विश्वास के साथ आभूषणों की खरीद-विक्री प्रतिदिन की जाती है ।

आरोपी रोचन माहेश्वरी ने 'यंग भारत' को बताया कि रुपये तो एफआईआर कर्ता पर खुद उनके निकलते हैं। आगे बताते हुए रोचन माहेश्वरी ने कहा कि रिपोर्ट कर्ता के परिवार ने बड़ी मात्रा में चांदी की बिक्री बाजार में कई थी । तब चांदी में देश लेवल पर तगड़ी मंडी आ गई थी जिससे पार्टी को घाटा हुआ था। उसे पूरा करने के लिए रिपोर्ट कर्ता परिजनों ने एक साजिश के तहत हमसे अपना घाटा पूरा करने के लिए यह शडयंत्र कारी मुकदमा लिखाया है। पूर्व में सीओ सिटी ने जांच के दौरान मेरे बयान भी लिए थे तब भी मैंने सारा सच सीओ साहब को बताया था। एफआईआर के पक्ष में कोई मजबूत साक्ष्य नही हैं मगर जाने कैसे रहस्यमय तरीके से मेरे और मेरे पिता संतोष माहेश्वरी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने आगे बताते हुए कहा कि रिपोर्ट कर्ता की स्थिति अपने आप मे संदिग्ध है न ही उनकी बाजार में कोई साख है यही नही उनके चाचा जो कई भूमि हड़पु मामलों में वांछित हैं उन संत गुप्ता के रिपोर्ट कर्ता भतीजे होते हैं। हम लोगो के फंसा कर रूपया वसूलने के प्लान बना कर हमारे खिलाफ झूटी एफआईआर दर्ज कराई गई है। हमारी पीढ़िया सर्राफे के व्यवसाय से जुड़ी हैं और बाजार में अपनी साख रखते हैं। मगर कुछ शडयंत्र कारी उन्हें फंसाकर पैसा वसूलने के कुचक्र रच रहे हैं। आरोपी रोचन माहेश्वरी ने उच्च अधिकारियों से मांग की है कि उक्त मुकदमे की सच्चाई की जांच वे अपने स्तर से करवाकर झूठा शडयंत्र बनाने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करें ताकि हम जैसे व्यवसायी निश्चिंत होकर प्रशासन के संरक्षण में अपना व्यापार साफ सुथरे ढंग और दबाव रहित होकर कर पाएं।

## बुज़ुर्ग अपने साथ ले गया, फिर मैं बेहोश हो गई.' पीलीभीत में मासूम बच्ची की आपबीती सुन पुलिस के भी उड़े होश

( यंग भारत न्यूज )

**पीलीभीत।** पीलीभीत जिले के सुनगढ़ी थाना क्षेत्र में नौ साल की बच्ची के लापता होने और बाद में संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद होने का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। बच्ची के मिलने के बाद परिजनों ने उसके साथ गंभीर अपराध की आशंका जताई है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने जांच तेज कर दी है और संदिग्ध व्यक्ति की तलाश में कई जगहों पर छापेमारी की जा रही है। परिजनों के अनुसार, बच्ची रविवार को अपने पिता के साथ मार्केट गई थी। वहां पिता कुछ सामान लेने लगे, तो बच्ची पास की दुकान पर सामान लेने चली गई। इसी दौरान वह अचानक गायब हो गई। बहुत देर तक जब वह वापस नहीं आई तो परिवार और स्थानीय लोग उसे ढूंढने में जुट गए, लेकिन वह नहीं मिली पाई।



लगातार तलाश के बीच मंगलवार दोपहर परिवार को सूचना मिली कि बच्ची मिल गई है। उसे घर लाया गया, लेकिन उसकी हालात देख और बाते सुनकर परिवार की चिंता बढ़ गई। परिजनों का कहना है कि बच्ची ने बताया कि एक बुजुर्ग व्यक्ति उसे अपने साथ ले गया था और रास्ते में खाने के लिए कुछ दिया था। उसे खाने के बाद वह बेहोशी हो गई थी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई। अधिकारियों का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। बच्ची का चिकित्सकीय परीक्षण कराने और उपलब्ध साक्ष्यों की जांच की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। पुलिस टीमों को संदिग्ध व्यक्ति की गिरफ्तारी के लिए लगाया गया है।

अधिकारियों का कहना है कि मामले में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पूरे घटनाक्रम पर नजर रखी जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की अफवाह या तनाव की स्थिति न बने।

'यंग भारत 'की खबर का असर

# बिना पंजीकरण संचालित अस्पतालों, नर्सिंग होम एवं डायग्नोस्टिक सेंटरों पर होगी कड़ी कार्रवाई-जिलाधिकारी

## जांच, सत्यापन और वैधानिक कार्रवाई के लिए जनपद स्तरीय एवं तहसील स्तरीय संयुक्त टीमें गठित, सात दिनों में मांगी गई रिपोर्ट

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )**। जनपद में बिना पंजीकरण संचालित नर्सिंग होम, चिकित्सालय, अल्ट्रासाउंड केंद्र, पैथोलॉजी एवं डायग्नोस्टिक सेंटरों सहित अन्य निजी स्वास्थ्य संस्थानों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने सख्त रुख अपनाते हुए जनपद स्तरीय एवं तहसील स्तरीय संयुक्त जांच टीमों का गठन किया है। जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार इन टीमों द्वारा विशेष अभियान चलाकर स्वास्थ्य संस्थानों का सघन निरीक्षण, सत्यापन एवं मानकों की जांच की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि जनपद में संचालित सभी निजी स्वास्थ्य संस्थानों की वैधानिक स्थिति, पंजीकरण, आवश्यक अनुमतियों तथा निर्धारित मानकों के अनुपालन की गहन जांच की जाए। अभियान के दौरान यदि कोई नर्सिंग होम, अस्पताल, अल्ट्रासाउंड केंद्र, पैथोलॉजी अथवा अन्य स्वास्थ्य संस्था बिना वैध पंजीकरण अथवा नियमों के विपरीत संचालित पाई जाती है तो उसके विरुद्ध तत्काल सीलिंग, अभियोजन तथा अन्य आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।जनपद स्तर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), मुख्य चिकित्साधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक की संयुक्त समिति का गठन किया गया है, जबकि नगर क्षेत्र उरई एवं सभी तहसीलों में उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी पुलिस तथा अपर मुख्य चिकित्साधिकारी को शामिल करते हुए संयुक्त जांच टीमें बनाई गई हैं। ये टीमें अपने-अपने क्षेत्राधिकार में अभियान चलाकर निजी स्वास्थ्य संस्थानों का निरीक्षण करेंगी। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया है कि प्रत्येक टीम के साथ एक-एक अपर मुख्य चिकित्साधिकारी को नामित किया जाए तथा निरीक्षण के उपरांत प्राप्त जांच आख्या को संकलित कर नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई हेतु प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर अवैध रूप से संचालित संस्थानों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा और आमजन के जीवन एवं स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।जिलाधिकारी ने सभी गठित समितियों को निर्देश दिए हैं कि निरीक्षण के दौरान की गई कार्रवाई, सील किए गए संस्थानों का विवरण, उत्तरदायित्व निर्धारण तथा अन्य संबंधित बिंदुओं सहित संयुक्त जांच आख्या सात दिवस के भीतर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनहित में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं वैधानिकता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह को जनआंदोलन बनाने के लिए जिलाधिकारी ने प्रधान प्रशासकों एवं खंड विकास अधिकारियों के साथ की वर्चुअल बैठक

- 15 से 21 जून तक चल रहे योग सप्ताह के सफल आयोजन के निर्देश, 21 जून को अमृत सरोवर, तालाबों एवं पंचायत सचिवालयों पर होगा सामूहिक योगाभ्यास
- ग्राम पंचायत स्तर पर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाकर अधिकाधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करने पर दिया जोर


( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )**। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के सफल आयोजन तथा योग को जन-जन के जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जनपद के समस्त प्रधान प्रशासकों, ग्राम पंचायत अधिकारियों एवं खंड विकास अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी कहा कि 15 जून से 21 जून तक पूरे जनपद में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर तक व्यापक जनजागरूकता एवं सहभागिता सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर है, जिसने आज वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य एवं कल्याण के क्षेत्र में एक नई पहचान स्थापित की है। योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह मानसिक शांति, आत्मिक संतुलन तथा सकारात्मक जीवनशैली का आधार भी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ती जीवनशैली संबंधी बीमारियों एवं मानसिक तनाव से मुक्ति के लिए योग सबसे प्रभावी उपाय है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि 15 जून से 21 जून तक प्रत्येक ग्राम पंचायत में योग जागरूकता रैली, योग परिचर्चा, योग शपथ, स्वच्छता अभियान, दीवार लेखन, सार्वजनिक घोषणाएं तथा जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आशा बहुओं, पंचायत सहायकों, शिक्षकों, सफाई कर्मियों, कोटेदारों, स्वयं सहायता समूहों, युवा मंगल दलों, किसान समूहों तथा सामाजिक संगठनों को इस अभियान से सक्रिय रूप से जोड़ा जाए, ताकि योग का संदेश प्रत्येक परिवार तक पहुंचे। जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की नियमित मॉनिटरिंग करें तथा यह सुनिश्चित करें कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रत्येक ग्राम पंचायत में व्यापक जनसहभागिता के साथ सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित हो। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिए कि ग्राम पंचायतों में स्थित अमृत सरोवरों, तालाबों, पंचायत सचिवालयों, खेल मैदानों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, जिससे ग्रामीण परिवेश में स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश प्रसारित हो सके।उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राएं, युवा, महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि अधिकाधिक संख्या में योग कार्यक्रमों में प्रतिभाग करें। योग सप्ताह के दौरान गांव-गांव में सकारात्मक वातावरण का निर्माण करते हुए इसे जनस्वास्थ्य एवं जनकल्याण के व्यापक अभियान के रूप में संचालित किया जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी एवं मा0 मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप योग को जनआंदोलन का स्वरूप देना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' की अवधारणा को साकार करने के लिए योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना आवश्यक है। उन्होंने सभी प्रधान प्रशासकों एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे स्वयं योग कार्यक्रमों में भाग लें तथा ग्रामीणों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

# चलती कार में अचानक लगी आग, कार सवार ने कूद कर बचाई जान

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई**। मंगलवार को देर रात औरैया मार्ग पर ग्राम जगनेवा के पास चलती कार में अचानक आग लग गई। कार में सवार मालिक ने कार से निकल जान बचाई। सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक कार जलकर हो गई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गढ़गुवां निवासी हाल निवास गांधीनगर उरई संजय दुबे अपनी कार से मंगलवार की रात औरैया मार्ग से उरई स्थित घर वापस जा रहे थे। जालौन-औरया मार्ग पर जगनेवा के पास अचानक चलती हुई कार से धुआं निकलने लगा। धुआं निकलते देखकर वह कार रोककर उससे उतर गए। देखते ही देखते कार ने आग पकड़ ली और कार धू-धूकर जलने लगी। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना दमकल को दी। जब दमकल मौके पर पहुंचती तब कार धू-धूकर जलती रही और कुछ ही देर में कार राख में तब्दील हो गई। कार में आग लगी देखकर वाहन एक ओर से ही निकलने रहे। कुछ समय बाद मौके पर पहुंचे दमकलकर्मी राजेश कुमार और उनकी टीम ने आग पर काबू पाया।

# परिवहन विभाग ने चलाया विशेष चैकिंग अभियान

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )**। परिवहन विभाग द्वारा यात्रियों की सुरक्षा और नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए अवैध रुप से संचालित व परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध जनपद के विभिन्न मार्गों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। उक्त अभियान के दौरान 04 बसों के विरुद्ध चालान/निरुद्ध की कार्यवाही की गई।

सुरेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) द्वारा प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान वाहन चालकों को चेतावनी दी गयी कि वे अपने वाहनों के समस्त दस्तावेज (जैसे-परमिट, फिटनेस, बीमा, कर जमा का प्रमाण, पंजीयन प्रमाण पत्र आदि) दुरुस्त रखेंगे। बसों में तय क्षमता के अनुसार ही सवारियाँ बैठायेंगे और यात्रियों की सुरक्षा के मानकों (जैसे-फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशामक यन्त्र आदि) का पूरा ध्यान रखें। प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान अगर कोई भी वाहन चालक उक्त नियमों का उल्लंघन करते हुए पाया जाएगा तो उपरोक्त वाहन के परमिट निरस्तीकरण की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी, जिसका समस्त उत्तरदायित्व वाहन स्वामी/चालक का होगा। साथ ही वाहन चालकों को यह भी अवगत कराया गया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध यह अभियान आगे भी निरन्तर जारी रहेगा। बिना वैध दस्तावेज या परमिट शर्तों के विपरीत वाहन चलानें वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# यमुना में मिली औरैया की युवती की लाश

## कोचिंग के बहाने घर से निकली थी काजल, मची सनसनी

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )**। औरैया जिले से लापता हुई 18 वर्षीय युवती का शव जालौन के कुठौंद थाना क्षेत्र अंतर्गत शनगढ़ घाट स्थित यमुना नदी में उतराता हुआ मिला, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मृतका की पहचान औरैया कोतवाली क्षेत्र के सलैया गांव निवासी जितेंद्र सिंह की पुत्री काजल सिंह के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, काजल 10 जून की सुबह कोचिंग जाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। परिजनों ने बताया कि वह अपना मोबाइल भी घर पर ही छोड़ गई थी। लापता होने के बाद उसके चाचा जयप्रकाश सिंह ने औरैया कोतवाली में एक अज्ञात युवक के खिलाफ बहला-फुसलाकर ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। 11 जून को जब कुठौंद के शनगढ़ घाट पर शव बरामद हुआ, तो पुलिस ने सूचना प्रसारित की, जिसके बाद परिजनों ने पहुंचकर उसकी शिनाख्त की। फिलहाल, पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। कुठौंद थाना प्रभारी निरीक्षक जगदंबा प्रसाद दुबे का कहना है कि पुलिस अब इस मामले की गहन जांच कर रही है कि युवती की मौत किन परिस्थितियों में हुई और क्या यह कोई आपराधिक साजिश है।

# विधायक ने मंदिर में भक्तों के लिए वाटर कूलर किया स्थापित

( यंग भारत न्यूज )




**कालपी जालौन 17 जून** नगर के मोहल्ला आलमपुर स्थित प्राचीन बनखंडी मंदिर में महंत जमुनादास महाराज एवं महंत ऋषभ महाराज एवं भक्तों की उपस्थिति में विधायक विनोद चतुर्वेदी ने अपने साथियों के साथ मंदिर में पहुंचकर मां बनखंडी देवी दरबार मे माथा टेक कर स्वयं एवं परिवार तथा विधानसभा कालपी लोगों के लिए खुशहाली का आशीर्वाद मांगा मौजूद भक्तों के लिए पेयजल की अशुबिधा मिली उन्होंने वाटर कूलर लगाए जाने की भक्तों के समक्ष घोषणा की थी वह घोषणा बुधवार के दिन मंदिर प्रांगण में विधायक ने वाटर कूलर स्थापित कर मौजूद भक्तों को शीतल जल पिलवाकर आत्मा को ठंडा किया उन्होंने वाटर कूलर का उद्घाटन करते हुए कहा कि मंदिर में आने वाले भक्तों को पेयजल की आपूर्ति भरपूर होगी शीतल पेयजल के लिए यहां वहां भटकना नहीं पड़ेगा मंदिर प्रांगण में ही शीतल पेयजल हर समय उपलब्ध होगा उन्होंने कहा की वाटर कूलर की देखभाल करना मंदिर कमेटी की जिम्मेदारी होगी।

# सीएमओ ने निरीक्षण दौरान सफाई व्यवस्था में गंदगी पाए जाने पर जिम्मेदार को लगाई फटकार बेहतर सफाई करने के दिए निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



कालपी जालौन 17 जून बुधवार को अस्पताल के निर्धारित खुलने वाले समय पर सीएमओ ने औचक निरीक्षण किया निरीक्षण दौरान लगभग सात अधीक्षक एवं डॉक्टर सहित स्वास्थ्य कर्मचारी आधा घंटा लेट आने पर नाराजगी जाहिर की साथ में उनकी उपस्थिति दर्ज कराकर अस्पताल में समय से आने के लिए कड़े निर्देश दिए उन्होंने मौजूद अधीक्षक सहित डॉक्टर से स्पष्ट रूप से कहा कि मरीज के लिए बाहर की दवा कतई नहीं लिखी जाएगी यदि निरीक्षण दौरान बाहर की दवा लिखने की यदि पर्ची पाई गई तो ऐसे डॉक्टर के खिलाफ कठोर से कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी सीएचसी अस्पताल खुलते ही सीएमओ अंकित निगम अचानक अस्पताल में आये मौजूद कर्मचारियों के बीच हड़कंप मच गया उन्होंने आकर सर्वप्रथम उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया उपस्थिति रजिस्टर में जो डॉक्टर कर्मचारी उपस्थित नहीं थे वही उपस्थिति रजिस्टर में अनुपस्थिति दर्ज की इसके बाद वही सभी कर्मचारी आधा घंटे बाद आ गए मोहलत देते हुए हिदायत दी अस्पताल में समय से आए यदि कोई भी लेट आता है उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी फिर बाद को उपस्थिति रजिस्टर में हस्ताक्षर बनाने के निर्देश दिए सभी ने तत्काल हस्ताक्षर बनाकर अपनी उपस्थिति दर्ज की

इसके बाद सीएमओ निगम अधीक्षक डॉक्टर दिनेश बर्दिया एवं चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शेख के साथ अस्पताल में चल रही स्वास्थ्य पटलो का जैसे एक्स-रे कक्ष बीपी कक्ष गर्भवती महिला प्रसव कक्ष नेत्र कक्ष तथा ऑपरेशन थेट्र्र कक्ष चारों तरफ घूम-घूम कर जाएगा लिया जहां पर कमी पाई गई उन कमियों को ठीक करने के निर्देश दिए उन्होंने दबाकर समीप पहुंचकर मौजूद मरीजों से दवा वितरण के बारे में पूछा साथ में जो मरीज को दवा काउंटर से दवा मिली उस दवा की जांच की वहीं उन्होंने पूरे अस्पताल में भ्रमण दौरान सफाई व्यवस्था अच्छी न पाए जाने पर बेहतर सफाई करने के निर्देश दिए निरीक्षण दौरान उन्होंने बताया की व्यवस्थाएं सही पाई गई है सिर्फ गंदगी पाए जाने पर बेहतर सफाई करने के निर्देश दिए मौके में चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विशाल सचान चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आदर्श गौतम दांत चिकित्सा अधिकारी डॉ रोहित सिंह चीफ फार्मासिस्ट वीरेंद्र कुमार फार्मासिस्ट कुलदीप सचान फार्मासिस्ट विनोद सचान फार्मासिस्ट अशोक कुमार राम सजीवन गुप्ता अनिल सिंह सेगर सतीश चंद्र हरचरण प्रदीप कुमार मोहिनी त्रिपाठी ममता सिंह उमेश कुमार संतोष सोनी सहयोगी गया प्रसाद आदि लोग मौजूद थे।

# पेट्रोल डालकर लगा दी आग , तड़प तड़प कर मरा था भगवान सिंह

- कोतवाली पुलिस ने दर्ज नही की थी एफआईआर
- कोर्ट के आदेश से सदर कोतवाली में 6 माह बाद दर्ज हुआ मुकदमा
- काफी सबूत समय बीतने के करण हो गए हैं नष्ट
- पुलिस जांच करने में जुटी

**जालौन-उरई**। लगभग छह माह पूर्व रुपयों के लेन देन को लेकर हुए विवाद में कुछ लोगों ने मिलकर एक व्यक्ति पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई थी। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। कोतवाली पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज न करने पर मृतक के बेटे ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

उरई कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गढ़र निवासी जीतू ने न्यायालय को बताया था कि उसके पिता भगवान सिंह का कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वीरपुरा निवासी हरीसिंह, बब्बू आदि से रुपयों के लेन देन को लेकर विवाद था। बीती 21 दिसंबर 2025 को वह रुपये लेने के लिए उनके गांव वीरपुरा गए थे। जहां हरीसिंह, बब्बू, भाटिया व एक अन्य व्यक्ति उनके साथ विवाद करने लगे। जब उन्होंने विवाद करने से मना किया तो गाली, गलौज करते हुए पिता के ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। इसी दौरान उसके चाचा मौके पर पहुंच गए और उन्होंने आग बुझाकर सभी को ललकारा। इसके बाद वह सभी जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। चाचा ने उसके पिता को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। उसने मामले की तहरीर कोतवाली में भी दी थी। लेकिन उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। वहीं, न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाल हरिशंकर चंद ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करेगी।

# वांछित आरोपी गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई**। विभिन्न मामलों में कोतवाली पुलिस द्वारा वांछित आरोपी को पुलिस ने पकड़कर न्यायालय में पेश किया है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हरीपुरा निवासी प्रिंस विभिन्न मामलों को लेकर कोतवाली पुलिस द्वारा वांछित चल रहा था। बुधवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि वांछित अपने मोहल्ले में घूम रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे एसआई मनीष तिवारी ने वांछित को पकड़कर न्यायालय में पेश किया है।

# उप जिलाधिकारी ने योग कर लोगों को योग कर शरीर को स्वस्थ रखने का पुरजोर किया आवाहन

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी जालौन 17 जून** उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पालिका अध्यक्ष एवं कर्मचारी तथा गणमान्य लोगों की मौजूदगी में मंदिर प्रांगण पर योग शिविर का आयोजन कर शरीर को सदैव स्वस्थ रखने हेतु संदेश दिया।

बुधवार के दिन राजघाट स्थित यमुना तट के समीप बिहारी मंदिर प्रांगण में आयोजित योग दिवस पर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव की उपस्थिति एवं उप जिलाधिकारी अमित शेखर ने योग दिवस शिविर दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया साथ में उन्होंने मौजूद लोगों से आवाहन किया कि सुबह शरीर के द्वारा मात्र एक घंटा व्यायाम कर अपने शरीर को स्वस्थ रखें साथ में शरीर से बीमारी को दूर भगाएं उन्होंने स्वयं तथा मौजूद लोगों को योग किया उपस्थित लोगों में तहसीलदार अभिनव तिवारी नायब तहसीलदार मुकेश कुमार चिकित्सा अधिकारी बनर्जी आदि लोग मौजूद थे।

# झगड़ा में कालपी पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर शांति भंग में किया चालान

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी जालौन 17 जून** बुधवार के दिन एक चौराहे में मुसाफिरों से दोनों लोग झगड़ा कर रहे थे तभी चौकी प्रभारी ने उपरोक्त दोनों को गिरफ्तार कर जुर्म धारा 170 126 135 के तहत अभियुक्तों को पुलिस हिरासत में जेल भेजा।

खबर के अनुसार ज्ञान भारती छौक चौकी प्रभारी प्रभारी विपिन यादव पुलिस बल के साथ हाईवे में गस्त कर रहे थे तभी झगड़े की सूचना पाकर पहुंची पुलिस टीम ने ग्राम परासन निवासी कुलदीप पुत्र तुलाराम इटहिया निवासी अंशुल पुत्र अवध नरेश दोनों लोग मोड पर मुसाफिरों को गाली देकर झगड़ा कर रहे थे तभी पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर कोतवाली के हवालात में बंद किया उक्त घटना में कालपी पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ अलग-अलग चालानी रिपोर्ट दर्ज कर अभियुक्तों को पुलिस हिरासत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में डाक्टरी परीक्षण कराकर संबंधित अदालत में प्रस्तुत किया।

## ओवर ब्रिज के नीचे का टुकड़ा गिरने से मौजूद लोगों में मचा हड़कंप

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 17 जून** बुधवार को सुबह मुन्ना फुल पावर स्थित हाईवे ओवर ब्रिज के नीचे का टुकड़ा गिरने पर नीचे मौजूद दुकानदार राहगीर अपनी जान बचाकर भागे वहीं पर मौजूद लोग बुरी तरह भयभीत हुए उक्त घटना को हाईवे के लोगों ने जैसे ही जानकारी मिली तत्काल कर्मचारियों को लगाकर मशीनों उपकरण के द्वारा गिरे हुए टुकड़े की जगह को मरम्तीकरण करा कर नगर वासियों को पूर्व की तरह निकलने के लिए संदेश दिया।

# प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा कर बैंक मैनेजर व वेंडरों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

## बैंकवार प्रगति की समीक्षा, लंबित आवेदनों का एक सप्ताह में निस्तारण करने के दिए निर्देश

(यंग भारत न्यूज)

**उरई (जालौन)।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अधिकाधिक पात्र उपभोक्ताओं को योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।




जिलाधिकारी ने योजना के अंतर्गत बैंक स्तर पर लंबित आवेदनों की गहन समीक्षा की। समीक्षा के दौरान बताया गया कि विभिन्न बैंकों में कुल 797 ऋण आवेदन लंबित हैं, जिनमें सर्वाधिक लंबित आवेदन इंडियन बैंक (258), स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (206), बैंक ऑफ बड़ौदा (92), केनरा बैंक (42) तथा पंजाब नेशनल बैंक (31) में हैं। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी बैंक एक सप्ताह के भीतर लंबित आवेदनों का निस्तारण कर पात्र लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति उपलब्ध कराएं। वहीं कम संख्या में लंबित मामलों वाले बैंकों को तीन दिवस के भीतर सभी प्रकरणों का निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य आम नागरिकों को सस्ती एवं स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराना है। ऐसे में किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब बर्दास्त नहीं किया जाएगा। बैठक में वेंडर्स द्वारा कालपी एवं जालौन क्षेत्र के कुछ बैंक शाखाओं में ऋण स्वीकृति से संबंधित आ रही समस्याओं की जानकारी दी गई। इस पर जिलाधिकारी ने जिला अग्रणी प्रबंधक को निर्देशित किया कि उपजिलाधिकारी कालपी एवं जालौन के साथ संयुक्त रूप से प्रकरणों की जांच कराते हुए एक सप्ताह के भीतर समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उन्हें योजनाओं का लाभ समय पर मिले, यह सभी संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी है। ग्रामीण क्षेत्रों में निवास प्रमाण पत्र एवं अन्य अभिलेखों के कारण उत्पन्न होने वाली समस्याओं के समाधान हेतु जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम प्रधानों के माध्यम से आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाए, जिससे अधिक से अधिक ग्रामीण उपभोक्ता योजना से जुड़ सकें। उन्होंने विद्युत विभाग एवं यूपीनेडा अधिकारियों को भी प्रचार-प्रसार बढ़ाने तथा पात्र उपभोक्ताओं को योजना के लाभों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। जनपद में स्थापित किए जाने वाले सोलर रूफटॉप संयंत्रों के लक्ष्य के सापेक्ष अभी 181 आवेदन लंबित हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि 25 जून 2026 तक सभी लंबित आवेदनों पर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही प्रत्येक वेंडर को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अधिक से अधिक सोलर प्लांट स्थापित करने तथा आगामी समीक्षा बैठक से पूर्व प्रगति में उल्लेखनीय सुधार लाने के निर्देश दिए।

# सहायक खाद्य आयुक्त डॉ. जतिन कुमार सिंह को दी गई भावभीनी विदाई

## व्यापारियों ने कहा आपके कार्यकाल को हमेशा याद रखेगा जालौन

(यंग भारत न्यूज)

**उरई (जालौन)।** शासन द्वारा स्थानांतरण के उपरांत सहायक आयुक्त (खाद्य) डॉ. जतिन कुमार सिंह के सम्मान में बुधवार को उरई स्थित होटल राधिका इन में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों तथा जिले भर से आए व्यापारियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर भावभीनी विदाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



बताया गया कि शासन द्वारा डॉ. जतिन कुमार सिंह का स्थानांतरण श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा में सहायक आयुक्त (खाद्य) के पद पर किया गया है। वह नवंबर 2022 में महोबा जनपद से स्थानांतरित होकर जालौन आए थे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने विभागीय कार्यों को पारदर्शिता, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ संपादित किया। उनके सहज एवं मिलनसार स्वभाव के कारण विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों और व्यापारियों के बीच उनकी विशेष पहचान बनी। विदाई समारोह में उपस्थित व्यापारियों ने कहा कि स्थानांतरण एक सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया है, जिसमें अधिकारियों का आना-जाना लगा रहता है, लेकिन डॉ. जतिन कुमार सिंह ने अपने व्यवहार, कार्यशैली और निष्पक्षता से जालौन के व्यापारियों के दिलों में विशेष स्थान बनाया है। उन्होंने कहा कि उनका कार्यकाल हमेशा याद रखा जाएगा और उनके द्वारा किए गए कार्य लंबे समय तक प्रेरणा देते रहेंगे। इस अवसर पर डॉ. जतिन कुमार सिंह ने भी सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जालौन में बिताया गया समय उनके जीवन की अमूल्य स्मृतियों में शामिल रहेगा। यहां के अधिकारियों, कर्मचारियों और व्यापारियों से उन्हें सदैव सहयोग एवं स्नेह प्राप्त हुआ, जिसे वह कभी नहीं भूल पाएंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय, कन्हैया यादव, महेश यादव, सुनील, आकाश, संजय, रमेश सहित जिले भर के एक सैकड़ा से अधिक व्यापारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह का वातावरण भावुक रहा और सभी ने डॉ. जतिन कुमार सिंह को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

# कुठोन्द में तालाब में डूबने से 13 वर्षीय किशोर की मौत, परिवार में मचा कोहराम

(यंग भारत न्यूज)

**उरई (जालौन)।** कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम ततारपुर में एक 13 वर्षीय किशोर की तालाब में डूबने से मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।



जानकारी के अनुसार ग्राम ततारपुर निवासी रौनक 13 वर्ष पुत्र देवेंद्र कुमार अपने गांव में बने तालाब के पास घूमने गया था। इसी दौरान वह तालाब के गहरे गड्ढे में चला गया और पानी में डूब गया। कुछ देर बाद ग्रामीणों और परिजनों को घटना की जानकारी मिली तो मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजन और ग्रामीण तत्काल तालाब पर पहुंचे तथा काफी प्रयास के बाद किशोर को पानी से बाहर निकाला। इसके बाद उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जालौन ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। किशोर की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। माता-पिता और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी शोक का माहौल बना हुआ है।

# ईटो में पुलिया निर्माण में घटिया सामग्री के प्रयोग पर ग्रामीणों ने लगाए गंभीर आरोप

(यंग भारत न्यूज)

**उरई /कुठौंद।** विकास कार्यों में गुणवत्ता को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। कुठौंद ब्लॉक की ग्राम पंचायत ईटो के कस्वा से महापौली जमलापुर जाने वाले मार्ग पर निर्माणाधीन पुलिया में मानकों की अनदेखी और घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप लगाया गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने नहर विभाग द्वारा कराए जा रहे इस निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है।



ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिया निर्माण में निर्धारित मानकों के विपरीत तीसरे दर्जे की ईंटों और निम्न गुणवत्ता वाले निर्माण सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। उनका कहना है कि मसाले में मिट्टी मिली बालू का प्रयोग किया जा रहा है तथा सीमेंट की मात्रा भी पर्याप्त नहीं है। परिणामस्वरूप चिनाई के बाद ही मसाला झड़ने लगा है, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग गए हैं। बताया जाता है कि यह मार्ग क्षेत्र के कई गांवों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। ऐसे में यदि पुलिया का निर्माण मानकों के अनुरूप नहीं हुआ तो भविष्य में इसके क्षतिग्रस्त होने और किसी बड़े हादसे की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार द्वारा मनमाने ढंग से कार्य कराया जा रहा है और विभागीय अधिकारियों की ओर से पर्याप्त निगरानी नहीं की जा रही है। लोगों ने संबंधित अधिकारियों से निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई तथा मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने की मांग की है। वहीं, मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है और लोग विभागीय अधिकारियों की कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह सरकारी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करेगा।

# 18 जून को नवीन तहसील भवन परिसर उरई में जनपद स्तरीय खरीफ गोष्ठी

## किसान मेला प्रदर्शनी, प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन

(यंग भारत न्यूज)

**उरई (जालौन)।** मुख्य विकास अधिकारी के. के. सिंह ने समस्त भूमि संरक्षण अधिकारी (कृषि विभाग) जनपद जालौन,समस्त उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी जनपद जालौन के समस्त खण्ड विकास अधिकारी जनपद जालौन को बताया कि मुख्य सचिव महोदय, उ. प्र. शासन, लखनऊ के शासनादेश 01 जून, 2026 के क्रम में 18 जून को अपरान्ह 03.00 बजे नवीन तहसील भवन परिसर, उरई में जनपद स्तरीय खरीफ गोष्ठी 'एवं किसान मेला प्रदर्शनी, प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।उक्त के क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपने अधीनस्थ कार्यरत कर्मचारियों के क्षेत्र से प्रत्येक कर्मचारी द्वारा कम से कम 10-10 क्षेत्रीय कृषकों की जनपद स्तरीय खरीफ गोष्ठी एवं किसान मेला प्रदर्शनी/प्राकृतिक खेती कार्यशाला में भागीदारी कराना सुनिश्चित करें तथा आप भी स्वयं उपस्थित रहें।

# प्रशासन के लाख प्रयासों के बाबजूद नहीं रुक रहीं हैं मार्ग दुर्घटनाएं, लगातार हो रही हैं मौते

### -भीषण सड़क हादसा,अनियंत्रित बोलेरो डिवाइडर से टकराई,दो युवकों की मौत, तीन गंभीर घायल

(यंग भारत न्यूज)

**उरई ।** कानपुर-झांसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की सूचना पर पुलिस एवं राहत दल तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह लगभग 10:30 बजे अजनारी फ्लाईओवर के पास झांसी की ओर से आ रही बलेनो कार संख्या छ्छ01 7805 अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई।



हादसे में अखिलेश पुत्र रामचंद्र विश्वकर्मा तथा ब्रजराज पुत्र कन्हैया यादव, निवासी जनपद आजमगढ़ एवं वर्तमान निवासी दादरा एवं नगर हवेली (गुजरात), की मौके पर ही मृत्यु हो गई। वहीं कार में सवार अभय, अनुराग तथा श्रीमती जीरा अखिलेश गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई भिजवाया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा हादसे की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी नगर ने बताया कि प्रथम दृष्टया हादसा वाहन के अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के कारण हुआ है। घायलों का उपचार कराया जा रहा है तथा आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मडोरा में 16 वर्षीय किशोरी ने फंदे पर लटक कर दे दी जान

## जांच में जुटी पुलिस, गॉव और क्षेत्र में शोक की लहर, तरह तरह की हो रही है चर्चाएं

(यंग भारत न्यूज)

**उरई ।** उरई कोतवाली क्षेत्र के मंडोरा गांव में एक 16 वर्षीय किशोरी ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार मंडोरा गांव निवासी रेशु (16) का शव बुधवार सुबह उसके घर के भीतर फंदे से लटका मिला। परिजनों ने जब उसे इस हालत में देखा तो तत्काल नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। किशोरी की असमय मौत से परिवार गहरे सदमे में है। सूचना मिलने पर उरई कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही परिजनों एवं ग्रामीणों से पूछताछ कर आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पूरे गांव में शोक और मायूसी का माहौल व्याप्त है।

# मंगला बेटी की मां अंधी पिता का साया उठा

## क्षेत्र में दया का पात्र बन गया ऊपर वाले कि मार खाकर परिवार

(यंग भारत न्यूज)

**माधौगढ़ (जालौन)** तहसील की ग्राम पंचायत मींगनी के मजरा मढ़ा निवासी रामप्रकाश पाल उम्र करीब 53 वर्ष अपने पशुओं को चराकर नहर की पटरी से शाम करीब छः बजे घर की ओर आ रहा था तभी पटरी पर उसे अचानक ठिब्बा लगा वह वहीं मुंह भरा गिर पड़ा काफी देर तक पड़ा रहा जब पशु भी घर आ गये तो घर वाले बच्चों ने खोज की कि पापा अभी तक नहीं आए ढूंढते ढूंढते नहर की पटरी पर पहुंचे तो वहां रामप्रकाश पाल उल्टे मुंह पड़ा था आनन फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया मिली जानकारी के मुताबिक मृतक रामप्रकाश पाल ही अपनी अंधी पत्नी कुंठी देवी नाबालिग पुत्र कमल सिंह पाल रामकेश पाल और बेटी मंगला पाल के निवाले का सहारा मात्र था उक्त के पास कृषि भी न के बराबर है मृतक की बेटी मंगला पाल स्नातक की छात्रा है मृतक अपनी बेटी को खूब पढ़ा-लिखाकर कुछ बनाना चाहता था पर यह सपना बेटी का अधूरा रह गया है मृतक की अंधी पत्नी कुंठी देवी नाबालिग बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है वहीं ग्रामीण जन जो भी यह बात सुनते वह सकते में आवाक रह जाते कि आखिर इस परिवार मे कैसे धीरज होगी फिलहाल ग्रामीणों ने मांग की है कि उक्त गरीब को पारिवारिक योजना के लाभान्वित करवा दिया जाए



# रंजिश में सिंचाई के पाइप जलाने का आरोप, पीड़ित ने डीएम से लगाई न्याय की गुहार

(यंग भारत न्यूज)

**उरई (जालौन)।** कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम कुरौली निवासी अशर्फीलाल पुत्र मथुरी प्रसाद ने सिंचाई के लिए खेत में बिछाए गए प्लास्टिक के पाइप रंजिशन जलाए जाने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से शिकायत की है। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में अशर्फीलाल ने बताया कि उसने खेतों की सिंचाई के लिए आठ प्लास्टिक के पाइप बिछाए थे, जिनके माध्यम से रामबाबू प्रजापति के खेत से होकर लक्ष्मन के खेत तक पानी पहुंचाया जा रहा था। आरोप है कि बीती 22 मई की शाम गांव के ही देवेन्द्र कुमार पुत्र सीताराम ने अपने खेत में खड़ी गेहूं की फसल के अवशेष (पराली) में आग लगा दी। आग की लपटें तेजी से फैल गईं और उसकी चपेट में आकर सिंचाई के लिए बिछाए गए सभी आठ पाइप जलकर नष्ट हो गए। पीड़ित का कहना है कि इस घटना में उसे करीब 15 हजार रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। उसने आरोप लगाया कि मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस से की गई, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इससे आहत होकर वह जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा और आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की।जिलाधिकारी ने मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया है।



# अभी तक 1,11,654 क्विटंल गेहूं की हो पाई है उठान

## लगभग 25000 क्विंटल गेहूं की उठान अभी शेष

(यंग भारत न्यूज)

**जालौन-उरई ।** कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में खोले गए 15 क्रय केंद्रों पर सरकार द्वारा की जा गेहूं की खरीद का काम पूरा हो गया है। क्रय केंद्र पर 1,36,659 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई है। गेहूं की खरीद के बाद अभी तक 1,11,654 क्विटंल गेहूं की उठान हो पाई है। शेष लगभग 25000 क्विंटल गेहूं की उठान अभी तक नहीं हो सकी है। किसानों के गेहूं खरीदने के लिए सरकार द्वारा नवीन गल्ला मंडी स्थित नीलामी चबूतरे पर 12 गेंहू क्रय केंद्र खोले गए थे। तीन केंद्र सहाव, आलमपुर व जालौन बाहर हद पर संचालित किए जा रहे थे। मंडी परिसर में संचालित गेहूं क्रय केंद्रों में आरएफसी पर 16,205.50 क्विटंल, आरएफसी कुठौंद पर 11,841 क्विटंल, बी पैक्स सिकरी राजा पर 6730 क्विटंल, पीसीएफ कृषक सेवा केंद्र जालौन पर 11,666.50 क्विटंल, बी पैक्स सिहारी दऊदपुरपर 6,358.50 क्विटंल, बी-पैक्स गढगुवा पर 8034.50 क्विटंल, बी पैक्स जगनेवा पर 4354 क्विटंल, बी-पैक्स खर्रा पर 3084 क्विटंल, बी-पैक्स सहाव पर 3500 क्विटंल, सहयोगी सघं कुंवरपुरा पर 10250 क्विटंल, केंद्रीय उपभोक्ता भंडार पर 16396 क्विटंल, कय विक्रय समिति पर 8159.50 क्विटंल, केंद्रीय उपभोक्ता भंडार लिमिटेड पर 9650 क्विंटल, एफसीआई जालौन पर 11818.50 क्विटंल, विपणन शाखा कुठौंद पर 8611 क्विटंल गेहूं की खरीद की गई। संचालित 15 क्रय केंद्रों पर इस वर्ष 1,36,659 क्विटंल गेहूं की खरीद हुई है। सभी केंद्रों ने निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप गेहूं की खरीद कर ली है। इसमें से 111654 क्विटंल गेहूं की उठान हो चुकी है। जबकि लगभग 25000 क्विटंल गेहूं अभी क्रय केंद्रों पर रखा हुआ है। जिसकी उठान नहीं हो सकी है।

# शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, गृहस्थी का सामान जलकर राख

(यंग भारत न्यूज)

**जालौन।** जनपद के रामपुरा विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पचोखरा में मंगलवार देर रात शॉर्ट सर्किट से एक घर में आग लग गई, जिससे गृहस्वामी को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। ग्रामीणों की तत्परता से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार रात करीब 11 बजे रामगोपाल पुत्र अजूदी प्रसाद के कच्चे मकान में अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि घर के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन की केबलों में शॉर्ट सर्किट होने से चिंगारी निकली और आग ने घर को अपनी चपेट में ले लिया। आग की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और सामूहिक प्रयासों से आग बुझाने में जुट गए। हालांकि जब तक आग पर काबू पाया गया, तब तक घर में रखा गेहूं, भूसा, कपड़े, चारपाई सहित अन्य घरेलू सामान जलकर नष्ट हो चुका था। ग्रामीणों की सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई के चलते आग को फैलने से रोक लिया गया, जिससे घनी आबादी वाले मोहल्ले में बड़ा नुकसान होने से बच गया। इस संबंध में जेई राजकुमार ने बताया कि एरियल बंच केबल (एबीसी) में आग लगने से एलटी लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसके कारण क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई थी। विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए लाइन की मरम्मत कर आपूर्ति बहाल कर दी है। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने प्रशासन से आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने की मांग की है।

# श्रीकृष्ण -श्रीसुदामा की मित्रता युगों युगों तक मित्रता की सीख देती रहेगी - ज्योति





( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ़ ( जालौन )** तहसील की ग्राम पंचायत असहना के मजरा मचकछा में स्थित राम-जानकी मंदिर शनि मंदिर के परिसर में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत पुराण कथा के अंतिम दिवस पर भगवताचार्य ज्योति किशोरी श्री वृन्दावन धाम ने भक्तों को भक्तिरस में सराबोर कर बताया कि भगवान श्रीकृष्ण गरीब बृम्हाण सुदामा के परम प्रिय मित्र थे श्रीदामा बड़े ही गरीब थे वह घर घर मांगकर लाते फिर भी गुजर नहीं चल रही थी तभी श्रीदामा की पत्नी सुशीला ने अपने पति श्रीदामा से हठ कर दी कि आप भगवान श्रीकृष्ण के पास चले जाओ जो तीनों लोकों के स्वामी हैं बड़ी हठ के बाद श्रीदामा भगवान श्रीकृष्ण के यहां के लिए चल दिए जब उनके महल के पास पहुंचे तो दरवारी इस बात को लेकर हंसने लगने कि एक गरीब ने भगवान श्रीकृष्ण को अपना मित्र बताया सुदामा निराश हो गये तभी दरम्यानी की सूचना भगवान श्रीकृष्ण को मिली तो वह कन्हैया अपने मित्र के लिए दौड़ पड़े और मित्र श्रीदामा के गले मिले वहीं पानी को परात से बिना छुए आंसुओ की जलधारा से भगवान श्रीकृष्ण ने मित्र श्रीदामा के चरणों को धोया वहीं महल में ले जाकर उनका भारी स्वागत किया भगवान श्रीकृष्ण ने सेवा के समय मित्र श्रीदामा की कांख से एक पोटली निकलते ही खोली और कहा कि भाभी ने मुझे कुछ खाने को भेजा हैं पोटली खोली तो उसमें स्वादिष्ट चावल निकले और भगवान श्रीकृष्ण ने दो मुट्ठी खाएं तभी रूकमनि ने ने भगवान श्रीकृष्ण के हाथ पकड़ लिए कहा कि नाथ आपने तो दो लोक दे दिए हैं अब तीसरा लोक भी आप दें देंगे तो हम कहां रहेंगे कुछ दिनों बाद श्रीदामा अपने घर लौट गये भगवताचार्य ने कहा कि सच्चा मित्र कभी भी अपने मित्र को धोखा नहीं दे सकता है मित्र की मित्रता युगों युगों तक यादगार रहती है वहीं भगवताचार्य ने नवयुवकों को नशे और व्यसन से दूर रहकर शिक्षा की ओर प्रेरित किया वहीं उन्होंने कहा कि जिसका चरित्र सही है वह जीवन में अपनी मेहनत के बल पर आगे बढ़ जाता है उन्होंने कहा कि मानव हमेशा सत्कर्म करना चाहिए लोभ लालच से दूर रहना चाहिए उन्होंने कहा श्रीमद्भागवत पुराण कथा मानव जीवन को सौम्य और अच्छे जीवन जीकर भगवान से जोड़ने को प्रेरित करती है इस मौके पर मुलायम सिंह यादव सूपा वरिष्ठ नेता समाजवादी पार्टी बन्नाम सिंह पाल पूर्व प्रधान रामसेवक पाल पूर्व प्रधान भारत सिंह पूर्व प्रधान पप्पू पाल सभासद अरविंद सिंह सेंगर सदस्य जिला योजना समिति जालौन रामसहाय पाल फौजी सहित सैकड़ों भक्तों की मौजूदगी रही है

# नगर के विकास में विधायक मूलचंद ने जोड़ दी एक और कड़ी

## -मारकंडेश्वर से पंचानन तक सड़क चौड़ीकरण का विधायक ने किया भूमिपूजन

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** नगर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। नगर की प्रमुख एवं व्यस्ततम सड़क मानी जाने वाली मार्कण्डेश्वर तिराहे से पंचानन चौराहे तक सड़क के चौड़ीकरण एवं पुनर्निर्माण कार्य का शुभारंभ बुधवार को क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन ने विधिवत भूमि पूजन कर किया। इस परियोजना पर लगभग 6 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

करीब दो किलोमीटर लंबी इस सड़क की वर्तमान चौड़ाई 7 मीटर है जिसे बढ़ाकर 10 मीटर किया जाएगा। विधायक मूलचंद्र निरंजन ने बताया कि यह मार्ग लंबे समय से जर्जर और क्षतिग्रस्त स्थिति में था जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। सड़क के चौड़ीकरण और पुनर्निर्माण से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि यातायात भी अधिक सुरक्षित बनेगा।उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और लोक निर्माण विभाग द्वारा गंभीरता से लिया गया, जिसके बाद इस परियोजना के लिए बजट स्वीकृत किया गया। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद सड़क को आधुनिक स्वरूप मिलेगा और नगरवासियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। यह मार्ग नगर की जीवनरेखा के रूप में जाना जाता है। इसके किनारे गल्ला मंडी, ब्लॉक कार्यालय, राजकीय बीज गोदाम, महिला महाविद्यालय, कई पब्लिक स्कूल, पेट्रोल पंप, विवाह गृह, रेलवे स्टेशन और प्रमुख बाजार क्षेत्र स्थित हैं। साथ ही यह सड़क शहर और आसपास के क्षेत्रों को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण बाईपास मार्ग के रूप में भी उपयोग की जाती है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सड़क चौड़ी होने से जाम की समस्या से निजात मिलेगी और व्यापारिक तथा शैक्षणिक संस्थानों तक पहुंच आसान होगी। इससे क्षेत्र के विकास को भी नई गति मिलेगी। भूमि पूजन कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, लोक निर्माण विभाग जेई नंदकिशोर, जेई हेमंत, अशोक गुर्जर,कोषाध्यक्ष अनिल कपूर,सभासद सीमा अहिरवार, दंगल यादव, माधव यादव, अशोक गुर्जर, अनिल अग्रवाल दतिया वाले, ओम प्रकाश कुशवाहा, राजेश्वरी यादव,महावीर गुप्ता,विकास पटेल,शिवसिंह कुशवाह, मधु सोनी, रोशनी सोनी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन मनीष नगरिया ने किया।






# चकरोड़ पर विधुत पोल बना समस्या, खेतों तक नही जा पा रहे है कृषि वाहन

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई** । चकरोड पर बिजली का खंभा गाड़ने से किसानों को अपने कृषि संबंधी वाहन आदि ले जाने में परेशानी हो रही है। पीड़ित किसान ने एसडीएम को शिकायती पत्र भेजकर चकरोड से खंभा हटवाने की मांग की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम छानी खास निवासी किसान छत्रपाल सिंह, रामरतन आदि ने एसडीएम रिंकू सिंह राही को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनकी आराजी संख्या 99 मौजा कैंथ में स्थित है। उनके पड़ोसी किसानों ने अपने खेतों में निजी नलकूप का कनेक्शन कराया है। इस कनेक्शन के लिए आने वाले बिजली के खंभों को उन्होंने चकरोड पर लगवा दिया है। चकरोड पर बिजली के खंभे लगने से अब आगे के किसानों को अपने खेतों में पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कृषि यंत्र संबंधी वाहन भी चकरोड से होकर नहीं निकल पा रहे हैं। शिकायत के बाद भी खंभे नहीं हटे हैं। पीड़ित किसानों ने एसडीएम से चकरोड को खाली करवाने की मांग की है कि ताकि किसान अपने कृषि संबंध वाहन चकरोड से होकर निकाल सकें।

# गंदगी से पटा नाला और भीषण सड़ांध देख आग बबूला हुए पालिकाध्यक्ष

## -सफाई नायक को शीघ्र नाला सफाई के दिए निर्देश



( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** नगर की साफ-सफाई व्यवस्था की हकीकत जानने पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता नजर के वार्डों में पूरे लाव लस्कर के साथ निकले पालिकाध्यक्ष की यह उम्दा पहल शायद नागरिकों की समस्याएं कुछ कम करने में सार्थक सिद्ध हो। नगर की समस्याओं को जमीनी स्तर पर जानने और उनके समाधान के लिए नगर पालिका अध्यक्ष ने वार्डों का निरीक्षण अभियान शुरू किया है। पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने सभासद विनोद सोनी के साथ गांधी नगर वार्ड नंबर 11 का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान चंदकुआ के आसपास नालों में गंदगी और सफाई व्यवस्था खराब मिलने पर पालिकाध्यक्ष नाराज हो गए। उन्होंने मौके से ही सफाई नायकों को बुलाकर नालों की तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए।

वार्ड भ्रमण के दौरान पालिकाध्यक्ष ने स्थानीय लोगों से वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनीं। मुहल्लेवासियों ने बंद पड़ी हाई मास्क लाइटों को ठीक कराने और प्रकाश व्यवस्था बेहतर कराने की मांग रखी। जिस पर पालिकाध्यक्ष ने जल्द ही समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वार्ड में टूटे हुए नालों की मरम्मत कराई जाएगी और जरूरत के अनुसार नालों पर स्लैब डलवाए जाएंगे। बारिश के मौसम को देखते हुए नगर पालिका जल निकासी व्यवस्था को लेकर गंभीर है। बारिश से पहले सभी नालों की सफाई और आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कराई जा रही हैं, ताकि नगरवासियों को जलभराव की समस्या से न जूझना पड़े। इस दौरान सभासद विनोद सोनी सहित नगर पालिका कर्मचारी मौजूद रहे। पालिकाध्यक्ष ने लोगों से अपील की कि वार्ड में किसी भी तरह की समस्या होने पर तत्काल जानकारी दें, जिससे समय रहते उसका निस्तारण कराया जा सके।इसी क्रम में वार्ड नंबर 7 प्रताप नगर का भी संबंधित वार्ड सभासद सीमा अहिरवार के साथ उन्होंने निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई व्यवस्था, सड़क एवं नालियों का जायजा लेते हुए नगरवासियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना। पालिकाध्यक्ष ने लोगों को आश्वस्त किया कि वार्ड में आवश्यक निर्माण कार्य एवं विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र कराया जाएगा। साथ ही सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए संबंधित कर्मचारियों को जरूरी ताकीद की जाएगी। नगर का विकास और नागरिकों की सुविधाएं उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# छठवां श्री हनुमान जन्मोत्सव पर रामायण पाठ के साथ हुआ अखंड भंडारे का आयोजन

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ़ ( जालौन )** तहसील क्षेत्र की बीहड़वर्ती पहूज नदी के पास मध्यप्रदेश सीमा से अटी पूर्व में दस्यु प्रभावित ग्राम पंचायत मींगनी के बिरोनेश्वर धाम में विराजमान श्री हनुमान जी के छठवें जन्मोत्सव पर श्री रामायण पाठ के साथ अखंड भंडारे का आयोजन किया गया उक्त भंडारे में सैंकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर अपने जीवन को धन्य बनाया इस मौके पर सतीश दुहोलिया बीरेंद्र दुहोलिया विनोद दुहोलिया कृष्ण मुरारी तिवारी अशोक नामदेव हरदयाल कुशवाहा सुनील तोमर विनोद विश्वकर्मा समेत सैकड़ों की संख्या में भक्तों की मौजूदगी रही है इसी क्रम में असहना के मजरा मचकछा में श्रीमद्भागवत पुराण कथा का आयोजन सात दिनों तक चला जहां भक्तों ने भक्ति भाव के साथ कथा का रसपान किया तो वहीं अंतिम दिन महा अखंड भंडारे का आयोजन किया जहां क्षेत्र के हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया

# महाराणा प्रताप साहस शौर्य त्याग और बलिदान के थे पर्याय -शिवेन्द्र

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ़( जालौन )** हिंदू संवतसर के अनुसार ज्येष्ठ मास की तृतीया को भारत देश के गौरव महाराणा प्रताप का अवतरण दिवस को लेकर नगर व क्षेत्र के युवाओं ने मिलकर महाराणा प्रताप तिराहा स्थित राणा के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा ली समाजसेवी शिवेंद्र सिंह तोमर केटी चितौरा ने कहा कि भारत के इतिहास में महाराणा प्रताप का नाम साहस, शौर्य, त्याग एवं बलिदान के पर्याय के रूप में सदैव अत्यधिक प्रेरणा देने वाला रहा है। मेवाड़ के सिसोदिया वंश में बाप्पा रावल, राणा हमीर, राणा सांगा जैसे महाप्रतापी शूरवीर राजा हुए। वे सभी राणा के नाम से जाने जाते थे। परन्तु 'महाराणा' का गौरवयुक्त संबोधन केवल प्रतापसिंह को ही मिला था। समाजसेवी आशीष दीक्षित ने कहा कि मुगल सम्राट अकबर के द्वारा दिए गए झूठे आश्वासन, भोग-विलास, उच्च स्थान, पदाधिकार आदि प्रलोभनों के वशीभूत होकर कई राजपूत राजाओं ने उसका प्रभुत्व स्वीकार कर लिया था और उसके आश्रित हो गये थे। सुखी जीवन की लालसा पूर्ति हेतु अनेक वीर राजपूत अपना गौरव खो चुके थे। ऐसा लगता था मानो राजस्थान ही नहीं अपितु सारा भारत अपना आत्मगौरव खो चुका है। ऐसे विकट समय में मेवाड़ के महाराणा प्रताप का मातृभूमि की स्वतंत्रता की रक्षा हेतु पदार्पण हुआ। समाजसेवी फाइटर डिकौली ने कहा कि मेवाड़ के राणा उदयसिंह की सन्तानों में प्रताप सबसे बड़े थे। माता रानी जयवन्ती बाई उच्च संस्कारों की धार्मिक महिला थीं। वह स्वाभिमानी व सद्गुणी थीं। प्रताप के बाल्यकाल के क्रिया-कलापों से यह स्पष्ट दिखने लगा वह महान प्रतापी है इस मौके पर विकास सिंह हरौली ,केटी तोमर चितौरा,आशीष दीक्षित दीपक सिंह राजावत बेनाम ग्रुप सत्यम सिलौआ अमन तोमर फाइटर डिकौली अजय महाराजपुरा सूरज डिकौली हर्षित गुप्ता विशाल महाराजपुरा शिवम हरौली विक्रांत ठाकुर सुनील तोमर आशुतोष चौहान वीरू सेंगर लोना जिला अध्यक्ष करणी सेना अरविंद सिंह जीतू सागर बुढानपुरा सहित दर्जनों लोगों को मौजूदगी रही है

# आम रास्ते पर जानवरों के लिए लिड़ौरी बनाकर कर दिया रास्ता और सकरा

## ग्रामीण ने की एसडीएम से शिकायत

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** तहसील क्षेत्र के ग्राम नरी निवासी मैथिलीशरण पुत्र रघुराज सिंह ने गांव के सरकारी आम रास्ते पर अवैध अतिक्रमण किए जाने का आरोप लगाते हुए एसडीएम हेमंत पटेल से कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर रास्ते को अतिक्रमण मुक्त कराने की गुहार लगाई है।

मैथिलीशरण के अनुसार, उनके घर के सामने से गुजरने वाले सरकारी खड़ंजा मार्ग पर पड़ोसी संतराम परिहार, तुलाराम और कलू ने उनकी गैरमौजूदगी में कथित रूप से जबरन पक्की लिड़ौरी बना ली है। आरोप है कि उक्त निर्माण सार्वजनिक रास्ते पर किया गया है, जिससे ग्रामीणों के आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही है।शिकायत में यह भी कहा गया है कि आरोपित व्यक्ति रास्ते में भैंस समेत अन्य जानवर भी बांध देते हैं, जिसके कारण मार्ग और अधिक संकरा हो जाता है तथा आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण का कहना है कि जब उन्होंने रास्ते से अतिक्रमण हटाने की बात कही तो संबंधित लोग गाली-गलौज करने लगे और विवाद पर उतारू हो गए। मैथिलीशरण ने प्रशासन से मांग की है कि सरकारी आम रास्ते पर किए गए कथित अवैध अतिक्रमण की जांच कराकर उसे तत्काल हटवाया जाए, ताकि ग्रामीणों को निर्बाध आवागमन की सुविधा मिल सके। साथ ही उन्होंने मामले में उचित कार्रवाई कर सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की भी मांग की है।

# तपती धूप में ठंडे पेयजल की आपूर्ति हेतु चेयरमैन ने लगवाए आरओ

## जल है तो कल है जल ही जीवन है - राघवेन्द्र

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ़ ( जालौन )** जल ही जीवन है बिना जल के कोई भी जीव का जीवन असंभव नहीं बल्कि नामुमकिन है प्यास बुझाने के लिए जल की आवश्यकता नहीं बल्कि हर कार्य में जल की महति आवश्यकता है नगरवासियों को ठंडा जल पिलाने हेतु नगर पंचायत में करीब डेढ़ दर्जन आर ओ वाटर लगाकर एक सराहनीय पहल की है इस पहल के लिए नगर पंचायत वासी ही नहीं माधौगढ़ बाजार में आने वाले हजारों लोगों के द्वारा प्रशंसा की जा रही है इस समय हीटवेव अपने चरम पर है लोगों के गला तर करने के लिए चेयरमैन ने वाटर कूलर लगाकर विशेष महत्वपूर्ण भूमिका की अदायगी की है इस संबंध में चेयरमैन एडवोकेट राघवेन्द्र व्यास का कहना है कि सभी सरकारी शिक्षण संस्थाओं समेत अन्य प्रमुख स्थानों तहसील से लेकर नगर में जगह जगह वाटर कूलर लगाए हैं उन्होंने बताया कि प्यासे जल भूखे को भोजन खिलाने बड़ी और कोई सेवा नहीं हैं हम सतत् प्रयास कर रहे हैं कि नगर में कोई भी ऐसा कोना शेष न रह जाए जिस कोने में ठंडा जल न हो कोने के अंतिम व्यक्ति को प्यास बुझाने में वाटर कूलर लगाए गए हैं अब हर नगरवासी ठंडा पानी पिएगा

### फ्रिज न होने का नगर में नहीं रहा दंश

माधौगढ़ (जालौन) नगर में विभिन्न जगहों में वाटर कूलर लगने से सभी को हर समय ठंडा जल उपलब्ध हो रहा है कुछ घरों में अभी भी गरीबी का दंश है वह फ्रिज खरीदने में बहुत पीछे हैं वे बेचारे फ्रिज तो छोड़ो अपने घर की रोटी बामुश्किल चला पा रहे हैं ऐसे में वह कभी भी फ्रिज खरीदना तो छोड़ो उसके इर्द-गिर्द भी नहीं पहुंच सकते थे अब तो नजारा ये देखा जा रहा है कि भुरारे से ही लोग जागे और अपने अपने वर्तनो में वाटर कूलर का ठंडा पानी भरकर ही नाश्ता करते हैं यहीं नहीं सुबह दोपहर और शाम रात के खाने में भी वाटर कूलर के ठंडे पानी से अपना गला तर कर रहे हैं वहीं नाते रिश्तेदारों को भी ठंडा जल ग्रहण करवा रहे हैं

### बोले चेयरमैन नगर को हरा-भरा बनाने में पूरी कोशिश जारी

माधौगढ़ (जालौन) चेयरमैन एडवोकेट राघवेन्द्र व्यास नगर के विकास की कड़ी को आगे बढ़ाने में रातों दिन प्रयास कर रहे हैं बंदन योजना के तहत जीर्ण-शीर्ण रामेश्वर धाम को सुसज्जित कराने हेतु दो करोड़ रूपए की धनराशि से कार्य युद्ध स्तर पर जारी है वहीं जल निकासी हेतु चहुंओर नालों के निर्माण कार्य किए जा रहे हैं तालाबों के सुंदरीकरण पर भी फ़ोकस किया जा रहा है यही नहीं नगर को साफ सुथरा रखने के लिए सतत् प्रयास जारी हैं वहीं गौशाला में गौवंशों की सेवा भली-भांति सुचारू रूप से की जा रही है एम आर एफ सेंटर में में कार्य जारी है

# ग्रामीण विकास में हो रहे ताबड़तोड़ घपले

## -ग्राम खैरी में विकास कार्यो में फर्जी बाडे का आरोप
## -ग्रामीणो ने एसडीएम से शिकायत कर जांच की मांग की

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** तहसील क्षेत्र के ग्राम खैरी में विकास कार्यों के नाम पर लाखों रुपये के कथित गबन और भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। ग्राम खैरी निवासी दीपेश कुमार पुत्र नरेन्द्र पाल उर्फ राहुल तथा ग्राम कैथी निवासी प्रदीप कुमार पुत्र परमलाल ने बुधवार को एसडीएम हेमंत पटेल को शिकायती पत्र देकर मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है।शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि ग्राम पंचायत खैरी में क्षेत्र पंचायत द्वारा वर्ष 2024-25 के दौरान कई विकास कार्य कराए जाने का दावा किया गया, जबकि वास्तविकता में मौके पर कोई कार्य नहीं हुआ। इसके बावजूद संबंधित कार्यों का भुगतान निकाल लिया गया। प्रार्थियों ने विशेष रूप से जलरोक बांध निर्माण कार्य का उल्लेख करते हुए बताया कि गोपाल के खेत से देवगांव मेड़े तक जलरोक बांध निर्माण का कार्य दर्शाया गया है, जिसका वर्क आईडी 3138006ड्ड्ष्ठ/958486255824133747 है। इस कार्य के नाम पर लगभग 5.02 लाख रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है।शिकायतकर्ताओं का कहना है कि उन्होंने इस मामले की पूर्व में भी शिकायत की थी, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि विकास कार्यों के नाम पर फर्जीवाड़ा कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है। दोनों प्रार्थियों ने प्रदेश स्तरीय टीएससी अथवा चीफ टीएससी से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है, ताकि कथित भ्रष्टाचार की वास्तविक स्थिति सामने आ सके और दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई हो सके। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

# 'उसे खत्म कर दो...', बॉयफ्रेंड के कहने पर पत्नी ने पति को उतारा मौत के घाट, लव मैरिज का दर्दनाक अंत



( यंग भारत न्यूज )

**कानपुर।** कानपुर में एक महिला ने अपने पति के पेट में चाकू घोपकर उसकी हत्या कर दी। परिजनों के मुताबिक, घटना के समय महिला मोबाइल पर अपने बॉयफ्रेंड से बात कर रही थी। पति ने उसे देख लिया। दोनों में झगड़ा होने लगा। इस बीच प्रेमी ने फोन पर महिला से कहा- पति का काम तमाम कर दो। उकसावे में आकर महिला ने चाकू से कई वार कर दिए। गंभीर हालत में घायल पति को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां 11 दिन बाद मंगलवार सुबह को उसकी मौत हो गई।

महिला ने करीब 9 साल पहले लव मैरिज की थी। परिजनों का दावा है कि पिछले 3 साल से उसका एक युवक के साथ अफेयर चल रहा था। ससुर की शिकायत पर पुलिस ने महिला के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। फीलखाना थाना प्रभारी अभय प्रताप सिंह ने बताया, 'पूछताछ में महिला ने पति पर चाकू से हमला करने की बात स्वीकार कर ली है। उसको गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। फीलखाना के बालाजी धाम में रहने वाले रामकिशोर गुप्ता कपूर सप्लाई का कारोबार करते हैं। परिवार में पत्नी मीरा गुप्ता, बेटा मनीष गुप्ता (45) और एक बेटी पूनम गुप्ता हैं। पूनम की शादी हो चुकी है रामकिशोर ने बताया कि उनका बेटा मनीष किराना बाजार में ब्रोकर था। इस दौरान उसकी मुलाकात बिरहाना रोड स्थित लाफ्टीवेल स्कूल में पढ़ाने वाली निहारिका कश्यप से हो गई थी। निहारिका काहूकोठी की रहने वाली है। इसके बाद दोनों के बीच अफेयर हो गया। हम लोगों को अफेयर का पता चला, तो मनीष और निहारिका की 30 जून, 2017 को शादी करा दी। दोनों का एक 6 साल का बेटा रियांश गुप्ता है। शादी के बाद बहू के कहने पर बेटे ने ब्रोकर का काम बंद कर दिया था। इसके बाद उसे रामगंज में ऑफिस दिलाकर कपूर का कारोबार शुरू करा दिया था। मनीष के पिता रामकिशोर गुप्ता ने बताया- बहू निहारिका का करीब 3 साल पहले एक युवक अंग्रेज से अफेयर हो गया। वह जम्मू का रहने वाला बताया जा रहा है। दोनों फेसबुक के जरिए मिले थे। उसके बाद दोनों के बीच फोन पर लंबी-लंबी बातचीत होने लगी। यह बात मनीष को पता चली, तो उसने विरोध किया। मनीष का विरोध करना निहारिका को पसंद नहीं था। इसी बात पर दोनों के बीच अक्सर झगड़ा होने लगा। फीलखाना थाना प्रभारी अभय प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी महिला से पूछताछ में सामने आया कि 5 जून की दोपहर करीब एक बजे निहारिका अपने बॉयफ्रेंड से बात कर रही थी। यह देखकर पति मनीष ने इसका विरोध किया। इस पर दोनों के बीच कहासुनी होने लगी। इसी दौरान निहारिका ने सब्जी काटने वाले चाकू से मनीष के पेट में वार कर दिया। चीख की आवाज सुन मौके पर पहुंचे परिजन उसे बिरहाना रोड स्थित केपीएम अस्पताल लेकर पहुंचे। वह से डॉक्टरों ने उसे हैलट रेफर कर दिया। हैलट में इलाज के दौरान मंगलवार की सुबह उसकी मौत हो गई। मनीष के पिता रामकिशोर ने बताया- हैलट में होश आने के बाद बेटे ने बताया कि चाकू मारने के दौरान निहारिका से उसका बॉयफ्रेंड फोन पर बात कर रहा था। चीख सुनने के बाद निहारिका ने उसे चाकू मारने की बात बताई। इस पर उसने कहा कि आज इसका काम तमाम कर दो।

# एसपी में बड़ी टूट तय, कई नेता बीजेपी में शामिल होने को तैयार'', ओपी राजभर का बड़ा दावा, कैबिनेट मंत्री के बयान से बढ़ी सियासी हलचल



( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री एवं सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने बुधवार को दावा किया कि समाजवादी पार्टी (सपा) में ''बड़ी टूट होगी'' और कई नेता भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने के लिए भी तैयार हैं।

राजभर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में दावा किया कि सपा नेता राम गोपाल यादव ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक पत्र सौंपा है। हालांकि, उन्होंने कथित पत्र के बारे में कोई विवरण नहीं दिया। राजभर ने कहा, ''समाजवादी पार्टी में बड़ी टूट होगी। राम गोपाल यादव ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक पत्र सौंपा है।'' उन्होंने पिछले मामलों की जांच का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि सपा पर दबाव बढ़ रहा है। राजभर ने कहा, ''खनन घोटाले और गोमती रिवर फ्रंट घोटाले का मास्टरमाइंड कौन है, यह पूरा उत्तर प्रदेश जानता है। जैसे-जैसे शिकंजा कस रहा है, सपा की चिंता बढ़ती जा रही है।'' उन्होंने दावा किया कि यह स्थिति केवल महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल तक सीमित नहीं है और ''समूची सपा भाजपा में शामिल होने के लिए तैयार बैठी है।'' राजभर उत्तर प्रदेश में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगी दल सुभासपा के प्रमुख हैं। समाजवादी पार्टी ने फिलहाल उनके दावों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# फतेहपुर से सनसनीखेज खबर: 44 दिन पहले ब्याही बहन का भाई ने किया दर्दनाक अंत



( यंग भारत न्यूज )

उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले से रिश्तों को पूरी तरह से कत्ल कर देने वाली एक बेहद खौफनाक और सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां ऑनर किलिंग का एक ऐसा मामला प्रकाश में आया है, जिसने पूरे इलाके को हिलाकर रख दिया है।

एक कलयुगी सगे भाई ने अपनी ही 19 वर्षीय सगी बहन की बेरहमी से गला दबाकर हत्या कर दी। दिल दहला देने वाली इस वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी भाई के सिर से जब खून का नशा उतरा, तो वह खुद चलकर पुलिस चौकी पहुंचा और कानून के सामने सरेंडर (आत्मसमर्पण) कर दिया। पुलिस की शुरुआती तफ्तीश में हत्या की मुख्य वजह मृतका का गैर-समुदाय के एक युवक के साथ चल रहा प्रेम प्रसंग बताया जा रहा है। सबसे ज्यादा हैरान करने वाली बात यह है कि मृतका रंजू यादव की डोली उठे महज 44 दिन ही हुए थे। यह पूरी घटना फतेहपुर जिले के हसवा कस्बे की है। यहां की रहने वाली मंजू उर्फ रंजू यादव की शादी इसी साल 1 मई को राधानगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सोनहीं बड़नपुर गांव के निवासी पिंटू उर्फ अजय यादव के साथ बड़े ही धूमधाम से हुई थी। शादी के बाद जब रंजू 'चौथी की रस्म' निभाने के लिए वापस अपने मायके आई, तो वहां से अचानक गायब हो गई। परिजनों के मुताबिक, बीती 13 मई को रंजू अपने ही गांव के रहने वाले दूसरे समुदाय (दूसरे धर्म) के एक युवक के साथ घर छोड़कर चली गई थी। इस घटना से लोक-लाज के डर से परेशान परिवार ने तुरंत स्थानीय थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। काफी खोजबीन के बाद परिजन किसी तरह उसे वापस घर लेकर आए और समाज के गणमान्य लोगों की पंचायत बैठने के बाद समझा-बुझाकर उसे दोबारा उसकी ससुराल भेज दिया गया, ताकि उसका घर बस सके। ससुराल लौटने के बाद भी रंजू के सिर से प्यार का भूत नहीं उतरा और उसने छिप-छिपकर अपने प्रेमी से बातचीत और संपर्क जारी रखा। जब इस बात की भनक गुजरात के अहमदाबाद में रहकर प्राइवेट नौकरी करने वाले उसके बड़े भाई संदीप यादव को लगी, तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। परिवार की बदनामी से आहत संदीप तुरंत 10 जून को अहमदाबाद से सीधा अपनी बहन की ससुराल सोनहीं बड़नपुर पहुंचा। संदीप ने वहां दो दिनों तक डेरा डाला और अपनी बहन रंजू को बंद कमरे में काफी समझाने-बुझाने की कोशिश की। उसने रंजू को अपनी शादीशुदा जिंदगी पर ध्यान देने की दुहाई दी, लेकिन रंजू कथित तौर पर अपने पति को छोड़कर सिर्फ और सिर्फ अपने उसी प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ी रही। बहन की इस जिद ने भाई के भीतर गुस्से की आग को और भड़का दिया।

# अयोध्या से मथुरा तक चढ़ावे पर घमासान: बृजभूषण सिंह ने खोला मोर्चा, सीएम योगी को किसने लिखा खून से खत!




( यंग भारत न्यूज )

**अयोध्या।** अयोध्या से लेकर मथुरा तक... भगवान के दरबार में चढ़ावे की 'चोरी' को लेकर अब एक नया सियासी और धार्मिक भूचाल आ गया है. अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावे की हेराफेरी पर जहां एक तरफ पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह के तीखे बयानों ने अपनी ही सरकार और पार्टी को कटघरे में खड़ा कर दिया है, वहीं दूसरी तरफ अब मथुरा के कृष्ण जन्मस्थान में भी करोड़ों के गबन का एक बेहद चौंकाने वाला दावा सामने आया

पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी के मामले में बयान दिया है. विनय कटियार का समर्थन करते हुए उन्होंने कहा कि कटियार राम मंदिर आंदोलन के मुख्य नेताओं में से एक थे और उन्हें अशोक सिंघल का आशीर्वाद प्राप्त था. उन्होंने प्रशासन और आंदोलन के बीच एक अहम कड़ी के तौर पर काम किया और मंदिर अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. सीबीआई द्वारा गिरफ्तार होने वाला मैं पहला व्यक्ति था। अगर यह सवाल उठाया जा रहा है कि राम मंदिर आंदोलन से जुड़े लोगों को किनारे किया जा रहा है, तो यह 100% सच है. विनय कटियार ने बहुत सही बात कही है, और पार्टी को इसका खामियाजा भुगतना पड़ा है. आप अयोध्या, अंबेडकर नगर और बाराबंकी हार गए. आप बस्ती हार गए; और आप जानते हैं कि देवीपाटन में आपको बमुश्किल तीन सीटें कैसे मिलीं.आम लोगों को अयोध्या से दूर कर दिया गया था. आम जनता के लिए रास्ते क्यों बंद किए गए थे? बस 200 रुपये दीजिए, और बैरियर तुरंत हटा दिया जाता था. पार्टी को इसकी कीमत चुकानी पड़ी है. 'गौरतलब है कि अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी का मुद्दा इन दिनों सुर्खियों में है और मामले की जांच के लिए एक एसआईटी का गठन किया गया है. एसआईटी ने तीसरे दिन बुधवार को मंदिर परिसर का दौरा किया और कई लोगों से पूछताछ की. इस बीच, अयोध्या राम मंदिर में चोरी की घटना के बाद मथुरा में कृष्ण जन्मस्थान पर मिलने वाले चढ़ावे की सीबीआई जांच की मांग उठी है. यह मांग हिंदू नेता दिनेश फलाहारी ने की है, जिन्होंने 'कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास' की स्थापना की थी और जो श्री कृष्ण जन्मभूमि मामले में एक पक्षकार हैं. फलाहारी ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को खून से पत्र लिखकर श्री कृष्ण जन्मस्थान पर चढ़ावे की सीबीआई जांच की मांग की है. उन्होंने आरोप लगाया कि सालों से लगातार चांदी की चोरी हो रही है. उन्होंने दावा किया कि जब भी दान-पात्र खोले जाते हैं, ष्टष्टञ्जङ्क कैमरे बंद कर दिए जाते हैं और नकद, गहने, सोना, चांदी और हीरे का गबन कर लिया जाता है. मैनेजमेंट कमेटी के जो सदस्य पहले स्कूटर से आते थे, वे अब करोड़ों की गाड़ियों में घूमते हैं.

# 2 करोड़ के बीमा के लिए 'खूनी खेल': फौजी पति की मौत को बताया था हार्ट अटैक, 2 महीने बाद प्रेमी के एक वीडियो ने खोला 'कातिल' पत्नी का खौफनाक राज




( यंग भारत न्यूज )

देश की सरहद पर दुश्मनों से लोहा लेने वाला एक पूर्व सैनिक अपने ही घर में रची गई खौफनाक साजिश का शिकार हो गया। कर्नाटक के बेलगावी से एक ऐसा सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसने हर किसी को झकझोर कर रख दिया है।

करीब दो महीने पहले जिस पूर्व सैनिक की मौत को सभी ने एक सामान्य और प्राकृतिक मौत मान लिया था, वह असल में एक सोची-समझी क्रूर हत्या थी। इस हत्या की मास्टरमाइंड कोई और नहीं, बल्कि खुद पीड़ित की पत्नी निकली। बेलगावी पुलिस ने दो महीने बाद इस अंधे कत्ल का पर्दाफाश करते हुए कातिल पत्नी, उसके प्रेमी, फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी के अधिकारी और पुलिस कर्मचारी समेत 9 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इस हाई-प्रोफाइल मर्डर मिस्ट्री के सामने आने के बाद इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। बेलगावी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) के. रामराजन के मुताबिक, हुक्केरी के घोदगेरी गांव के रहने वाले 46 वर्षीय पूर्व सैनिक संदीप कलागौडा मंजरगी की हत्या महज एक आपराधिक घटना नहीं, बल्कि करोड़ों रुपये के लालच की खौफनाक दास्तान है। पूरा मामला 13 मार्च को शुरू हुआ, जब संदीप अपनी बाइक से गिरकर मामूली रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत पास के एक सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनकी चोटों को सामान्य बताया। इसके बाद खेल शुरू हुआ। संदीप की पत्नी सुमा उन्हें आगे के इलाज के बहाने घटाप्रभा के जेजे अस्पताल ले गई। यहां 15 मार्च को संदीप की अचानक मौत हो गई। शुरुआती मेडिकल रिपोर्ट में मौत की वजह 'कार्डियक अरेस्ट' (दिल का दौरा पड़ना) बताई गई, जिसके बाद परिजनों ने इसे प्राकृतिक मौत मानकर संदीप का अंतिम संस्कार कर दिया। लगभग दो महीने तक यह केस पूरी तरह से शांत था। किसी को कानों-कान खबर नहीं थी कि एक फौजी का कत्ल हो चुका है। लेकिन पाप का घड़ा आखिरकार फूट ही गया। कातिल पत्नी सुमा और उसके बॉयफ्रेंड पुंडलिक विट्ठल डोम्बर के बीच बीमा की रकम के बंटवारे को लेकर विवाद शुरू हो गया। दोनों में पैसों को लेकर झगड़ा इतना बढ़ा कि प्रेमी डोम्बर ने आपा खो दिया। डोम्बर ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो और पोस्ट शेयर करते हुए सरेआम दावा कर दिया कि संदीप की मौत सामान्य नहीं थी, बल्कि उनकी हत्या की गई थी और वह इस पूरी साजिश का चश्मदीद है। इस सनसनीखेज वीडियो के सामने आते ही बेलगावी पुलिस के होश उड़ गए। पुलिस ने बिना वक्त गंवाए मामले की फाइल दोबारा खोली और तफ्तीश शुरू कर दी। पुलिस ने जब प्रेमी डोम्बर को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की, तो जो सच सामने आया उसने खाकी को भी हैरान कर दिया। सेना से रिटायरमेंट के बाद संदीप ने डोम्बर के साथ मिलकर एक फूड स्टॉल शुरू किया था। इसी दौरान संदीप की पत्नी सुमा और डोम्बर के बीच नजदीकियां बढ़ीं और दोनों के बीच अवैध संबंध बन गए। दोनों अपनी इस हवस और लग्जरी लाइफ के रास्ते से संदीप को हमेशा के लिए हटाना चाहते थे।

इसके लिए उन्होंने संदीप के नाम पर 2 करोड़ रुपये का भारी-भरकम बीमा कराया और फिर शुरू हुई उन्हें रास्ते से हटाने की खौफनाक प्लानिंग। पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ कि 14 मार्च को जेजे अस्पताल में भर्ती संदीप को मारने की पहली कोशिश नाकाम रही थी। अस्पताल के एक कर्मचारी राहुल हनुमंत जोगी की मदद से संदीप को ड्रिप (नस) के जरिए चूहे मारने की दवा दी गई। जब इससे भी संदीप की जान नहीं गई, तो आरोपियों ने दूसरा खतरनाक जहर इंजेक्शन के जरिए उनके शरीर में डाल दिया और साथ ही भारी मात्रा में नींद की गोलियां खिला दीं। इस हैवानियत के आगे पूर्व सैनिक का शरीर हार गया और अस्पताल के बिस्तर पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया। इस मर्डर मिस्ट्री का सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि इस अपराध में कानून और व्यवस्था के रखवाले भी शामिल थे। सच को सामने लाने के लिए पुलिस ने संदीप के शव को कब्र से निकालकर दोबारा पोस्टमार्टम कराया। जांच में पता चला कि सुमा की मां (जो एक रिटायर्ड हेल्थ वर्कर है) और एक मेडिकल प्रैक्टिशनर बसवराज भस्मे भी इस खूनी खेल में शामिल थे। हद तो तब हो गई जब जहर के सबूतों को मिटाने के लिए फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (स्नस्रु) के कर्मचारी अप्पासाब नाइकवाड़ी, चन्नप्पा अदाविसवामीमथ और सीनियर साइंटिफिक ऑफिसर पी. एम. नागराजू ने मोटी रकम लेकर पहली पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ही हेराफेरी कर दी। इस पूरे मामले को दबाने में अशोक गुजनाल नाम के एक पुलिसकर्मी ने भी आरोपियों की मदद की। इसके अलावा एक यूट्यूबर सचिन सेलार को भी गिरफ्तार किया गया है, जिसने हत्या का राज जानने के बाद पुलिस को बताने के बजाय चुप रहने के बदले मोटी फिरौती वसूली थी।

बेलगावी पुलिस ने अब तक इस मामले में पत्नी सुमा, प्रेमी डोम्बर, स्नस्रु अधिकारियों, अस्पताल कर्मचारी और पुलिसकर्मी समेत कुल 9 आरोपियों को सलाखों के पीछे भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ के आधार पर इस मामले में कुछ और बड़े चेहरों के बेनकाब होने की संभावना है। यह पूरी घटना रिश्तों के कत्ल, बीमे के लालच और सिस्टम में बैठे कुछ भ्रष्ट लोगों के गठजोड़ को उजागर करती है। फिलहाल सभी आरोपियों को अदालत में पेश करने की तैयारी की जा रही है।

# अयोध्या में फॉर्महाउस, आलीशान बंगले से 50 करोड़ की दौलत तक... राम मंदिर 'चंदा चोरी' के 6 अहम किरदार, क्या-क्या आरोप

( यंग भारत न्यूज )

**अयोध्या।** राम मंदिर के दान का पैसा चोरी करने के मामले में कई बड़े किरदार सामने आए हैं. राम मंदिर के चढ़ावे में 7 करोड़ रुपये चोरी के आरोप लगे हैं और अयोध्या के थाने में चोरी को लेकर 3 शिकायतें दर्ज की गई हैं.

डीएम, एसएसपी के साथ एसआईटी टीम पूरे मामले की जांच में जुटी है. राम मंदिर ट्रस्ट के संदिग्ध कर्मचारियों से लगातार पूछताछ हो रही है. चढ़ावे से चोरी के 6 संदिग्ध किरदारों पर सबसे ज्यादा शिकंजा कसा है. यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी कहा है कि एसआईटी मामले की तह तक जाएगी और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा. आइए जानते हैं इन किरदारों की पूरी कहानी... रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू पहले चंपत राय के ड्राइवर थे और अब उनके सहयोगी बताए जाते हैं. अयोध्या-लखनऊ में इनके नाम करीब 50 करोड़ की संपत्ति का दावा है. राम मंदिर से करीब 1.5 किमी दूर इनका पुश्तैनी घर है. खबर है कि जांच एजेंसी ने उनके घर से सोना बरामद किया है. आरोप है कि मंदिर के चढ़ावे की चोरी में वो शामिल रहे हैं. आरोप है कि पिछले कुछ सालों में उन्होंने कई प्लॉट खरीदे और 5-6 महंगे रेस्टोरेंट में उनकी हिस्सेदारी है. वहीं टिन्नू ने कहा कि उनका चंदे के पैसे से कोई लेना देना नहीं है.कोई आना जाना नहीं है और वो काफी पहले से ड्ड।क्क में हैं.50 करोड़ की संपत्ति का दावा भी उन्होंने झूठा बताते हुए कहा कि उनके पास सिर्फ गेस्ट हाउस है. टिन्नू ने कहा कि वो हर तरह की जांच और पूछताछ के लिए तैयार हैं. टिन्नू यादव के भतीजे मनीष यादव भी नोट गिनने का काम करते थे.आरोप है कि दान चोरी और गबन में वो भी शामिल थे. उनकी निशानदेही पर 36 लाख रुपए बरामद होने की खबर है.एसआईटी अब मनीष से भी पूछताछ और जांच में जुटी है. गोपाल राव राम मंदिर के व्यवस्थापक और खास आमंत्रित सदस्य हैं. मंदिर के रखरखाव, साफ-सफाई का जिम्मा यही संभालते हैं.दान पेटियों से मिलने वाला



चढ़ावा भी इनके जिम्मे रहता है. उन पर चोरी और आर्थिक गड़बड़ी के आरोप लग रहे हैं. गोपाल राव कह रहे हैं कि वो हर तरह की जांच को तैयार हैं. राव का कहना है कि उन्होंने ट्रस्ट के साथ खुद ही एसआईटी जांच की मांग की थी. लवकुश और अनुकल्प दोनों जीजा-साले हैं और दान पात्र की गिनती करने वाली टीम में थे. कुछ सालों में दोनों की माली हालत तेजी से बदल गई. बताया जाता है कि अनुकल्प का गांव में फॉर्म हाउस है और उसने अयोध्या में 65 लाख का घर खरीदा है. लवकुश फैजाबाद में घर बनवा रहा था और उससे 10 लाख रुपये बरामद होने की खबर है. आरोप है कि मंदिर के चढ़ावे और दान में दोनों ने काफी हेर-फेर किया.परिवार के लोग कह रहे हैं कि दोनों बेकसूर हैं. एसआईटी दोनों से पूछताछ कर रही है राम मंदिर में दान में चढ़ने वाले सोने-चांदी के जेवर संभालते थे. आरोप है कि कुछ दिन पहले उन्होंने 1.5 करोड़ रुपये की जमीन खरीदी. 5 करोड़ रुपयृ की संपत्ति जमा करने को लेकर वो सवालों के घेरे में हैं. तिवारी कहते हैं कि वो कई स्कूलों में टीचर रह चुके हैं. उनका बड़ा बेटा वायुसेना में था और अब ढ्ढक्क में बड़े पद पर है. दूसरा बेटा सेना से रिटायर होकर यूपी सब-इंस्पेक्टर है. उनके पास जो है, वो परिवार का है, चाहे इसकी जांच करवा लें. राम मंदिर मामले में डॉक्टर अनिल मिश्रा का नाम भी उछला है, जो राम मंदिर ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य हैं. राम मंदिर के निर्माण कार्य और दान-पुण्य पर नजर रखने की जिम्मेदारी उन पर है. अयोध्या में जलकल के पास नगर निगम में उनका घर है. अवधपुरी में भी उनका घर बन रहा है, दावा है कि वहां लिफ्ट तक लगाई जा रही है. मंदिर में आने वाले दान चढ़ावे और उसके प्रबंधन में उनकी अहम जिम्मेदारी मानी जाती है.

# केंद्र सरकार ने देश को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठये: प्रतिभा शुक्ला





( यंग भारत न्यूज )

**मऊरानीपुर** । भारतीय जनता पार्टी झांसी जिला द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने पर मऊरानीपुर मे प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन मे मुख्य अतिथि के रूप मे प्रदेश सरकार मे राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला, विशिष्ठ अतिथि के रूप मे जिला पंचायत अध्यक्ष पवन गौतम उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता पवन गौतम ने की। कार्यक्रम के शुभारंभ मे अतिथियों द्वारा पं दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित

राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि केंद्र सरकार ने देश को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से गरीब परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराए गए हैं, वहीं आयुष्मान भारत योजना से करोड़ों लोगों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाने के लिए गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। जल जीवन मिशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर पेयजल पहुंचाने का कार्य तेजी से किया गया है। कार्यक्रम में बताया गया कि सड़क, रेल, हवाई अड्डों और डिजिटल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है। किसानों के लिए किसान सम्मान निधि योजना तथा युवाओं के लिए स्वरोजगार एवं कौशल विकास से संबंधित योजनाएं संचालित की जा रही हैं। महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पवन गौतम ने केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर कहा कि यह अवधि जनकल्याण, सुशासन और विकास की रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं से गरीब, किसान, महिला, युवा और जरूरतमंद वर्ग को सीधा लाभ मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं ने लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। पवन गौतम ने कहा कि केंद्र सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र पर कार्य करते हुए देश को विकसित भारत बनाने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही है ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भारतीय जनता पार्टी के झांसी जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल ने केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर कहा कि यह अवधि विकास, सुशासन और जनकल्याण को समर्पित रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है और आम जनता के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए अनेक ऐतिहासिक योजनाएं संचालित की गई हैं। प्रदीप पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि तथा जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं का लाभ करोड़ों लोगों तक पहुंचा है। सड़क, रेल, डिजिटल सेवाओं और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में भी तेजी से विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है ।उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर गरौठा विधायक जवाहरलाल राजपूत, एम एल सी रामा निरंजन, किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री रामनरेश तिवारी, जिला महामंत्री छत्रपाल सिंह राजपूत, बद्री त्रिपाठी, अनिल राज, ,सहजेन्द्र सिंह बघेल, चंचल कंथरिया, जिनेन्द्र जैन, पूर्व बिधायक प्रागीलाल अहिरवार, चेयरमैन मऊरानीपुर शशि श्रीवास, ब्लॉक प्रमुख बंगरा इंजी भारती आर्य, मुकेश पटेल, अजय राय नोटा, आयुष श्रीवास, यशोदा कुशवाहा,डा नंदनी दुबे, अवधेश निरंजन, कन्हैयालाल मोदी,प्रवेश शर्मा हाकिम सिंह चौहान,दीपक त्रिपाठी,सरोज दुबे, सतीश चन्द्र चौरसिया, रामनारायण पस्तोर, आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा अनिल राज ने आभार वीरेंद्र नायक ने व्यक्त किया।

# अग्निकांड से पीड़ित दुकानदारों से मिलीं ब्लॉक प्रमुख इंजी भारती आर्य



( यंग भारत न्यूज )

**बंगरा** । बंगरा में बिगत दिवस हुए भीषण अग्निकांड में पुलिस चौकी के साथ कुछ दुकाने जलकर राख हो गई थी जिसमें शंकर लाल भोजवाल सहित अन्य दुकानदारों का सामान जलने से लाखों की क्षति हुई थी, विकासखंड बंगरा ब्लॉक प्रमुख इंजी. भारती आर्य ने घटना स्थल पर पहुंचकर दुकानदारों को ढांढस बंधाया , एस एच ओ जयप्रकाश उल्दन, क्षेत्र पंचायत सदस्य शंकर भोजवाल एवं समस्त उपस्थित ग्रामीणों द्वारा मांग की गई, कि बंगरा पुलिस चौकी के पास सार्वजनिक शौचालय, सोलर पावर टंकी ,आर ओ फिल्टर की स्थापना कराई जाय, ब्लॉक प्रमुख इंजी. भारती आर्य के द्वारा उक्त कार्य जल्द से जल्द कराए जाने का आश्वासन दिया गया,

# कई दलों के सांसदों में टूट करवा कर अपना लक्ष्य साधने में जुटे भाजपा नेता

## लखनऊ में इस प्रकरण की है जबरदस्त चर्चा

( यंग भारत न्यूज )

क्या सपा के 25सांसदो ने बगावत का मन बना लिया है आज यह बात लखनऊ से दिल्ली तक हवा की तरह दौड़ रही है ऐसा माना जा रहा है कि इन 25लोगो को भाजपा मे शामिल करने की मुहीम प्रदेश के एक उप मुख्यमंत्री ने सम्हाल रखी है जिसे मिशन संशोधन का नाम दिया गया है। टीएमसी के20सासंद अभी हाल में जुड़े हैं और भाजपा को 360सांसदो की हर हाल में जरुरत है उद्धव ठाकरे के 7सांसद आने वाले थे परन्तु 5हीशिन्दे के यहां पहुंचे तो उत्तर प्रदेश सरकार के एक उपमुख्यमंत्री ने सपा के 25सांसदो को लाने की बात राष्ट्रीय हाईकमान से कहीं तो उन्हें हरी झंडी मिल गई है पर उन्होंने इस कार्य के एवज में एक बड़ा पद मांग है उन्हें कहां गया है कि पहले जुलाई तक यह कार्य पूरा करो ईनाम दिया जायेगा।

ऐसा सुनने में आ रहा है कि नीतीश और नायडू भी डर रहे कि उनके सांसदों में भी सेंध लगाई जा रही है। सुनने को मिल रहा है कि भाजपा का राष्ट्रीय नेतृत्व हर हाल में 360सांसदो का जुगांड लोक सभा में और 163सांसंद राज्य सभा में करके ऐतिहासिक फैसले लेना चाह रही है क्या यह मिशन पूरा होगा और ऐतिहासिक फैसले ससंद में लिए होगे यह आने वाले दो माह बतलायेंगे ।ऐसी चर्चाओं का बाजार बहुत गर्म है।

# नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा : इंजी भारती आर्य

( यंग भारत न्यूज )



**बंगरा** । देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकासखंड बंगरा कार्यालय के महारानी लक्ष्मीबाई सभागार में सेवा सुशासन संस्कार एवं सम्मान के भाव पर सांकेतिक जनकल्याण एवं जन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया कार्यक्रम में उपस्थित प्रबुद्ध जनों के साथ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में किए गए कार्यों राष्ट्रीय हित सुशासन गरीब कल्याण बुनियादी ढांचे के विकास महिला सशक्तिकरण युवा उत्थान एवं आत्मनिर्भर भारत की दशा में हुई ऐतिहासिक उपलब्धियां पर विस्तार चर्चा हुई कार्यक्रम की मुख्यअतिथि विकासखंड बंगरा की ब्लॉक प्रमुख इंजी. भारती आर्य ने अपने संबोधन में कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा है मोदी ने देश के अंतिम व्यक्ति को देश की मुख्य धारा से जोड़ने का आदित्य कार्य करने के साथ-साथ विश्व पर स्तर पर देश का सम्मान बढ़ाने का सराहनीय कार्य किया है उन्होंने देश के प्रत्येक वर्ग की उत्थान के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, किसान सम्मन निधि योजना, स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को लखपति दीदी बनाने एवं उनकी सुरक्षा का महत्वपूर्ण कार्य किया है उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में भी उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बन रहा है झांसी में बीड़ा औद्योगिक क्षेत्र का विकास हो रहा है जिससे जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा शिक्षा विभाग ,समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आंगनवाड़ी बहनों के द्वारा अपने अपने-अपने स्टाल लगाकर विभागों द्वारा की गई प्रगति को प्रदर्शित किया इस कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी निरंजन द्विवेदी डॉ सोनम दीक्षित,एडीओ मनोज चतुर्वेदी एडीओ संतोष कुमार एडीओ निखिल तिवारी, डॉक्टर रामकिशोर तिवारी अरविंद चौधरी लेखाकार बसंत पटेल एआरपी ,जसवंत सिंह यादव एस टी एस काशीबाई बी एम एम विजय राय बी एम एम राया यादव बी एम एम अमित साहनी लेखाकार मनरेगा राकेश कुमार ब्लॉक टी ए सहित समस्त विकासखंड कार्यालय के कर्मचारी इसके साथ ही क्षेत्र की भारी संख्या में माता बहने एवं संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

# सिद्ध पीठ मां कालका मंदिर दूरेड़ी में होगा आज विशाल भंडारा का आयोजन

( यंग भारत न्यूज )





श्रीमद्भागवत कथा का हुआ समापन कथा वाचक लखनलाल दीक्षित ने बताया कि दोस्ती सीखनी है तो सुदामा और भगवान से सीखने लायक है 7 दिन की यह कथा सुनने सभी क्षेत्र के लोग बड़े हर्ष उल्लास से प्रतिदिन कथा सुनने आते रहे तथा कथा वाचक ने कहा कि कुछ जनता जो कथा सुनने आती रही भगवान के कुछ अच्छे कार्यों को अपने जीवन में उतार लेंगे तो ग्रस्तआश्रम आसान हो जाएगा

श्रीमद्भागवत महापुराण में भगवान श्रीकृष्ण के जीवन की अनेक प्रेरणादायक कथाएँ वर्णित हैं। इनमें सुदामा जैसी सच्ची मित्रता और कंस वध का प्रसंग विशेष महत्व रखता है। श्रीकृष्ण और सुदामा बचपन के मित्र थे। दोनों ने गुरु संदीपन मुनि के आश्रम में साथ शिक्षा प्राप्त की। समय के साथ श्रीकृष्ण द्वारका के राजा बन गए, जबकि सुदामा अत्यंत गरीब ब्राह्मण के रूप में जीवन बिताने लगे। गरीबी के बावजूद सुदामा ने कभी अपने मित्र से सहायता नहीं माँगी। पत्नी के आग्रह पर वे श्रीकृष्ण से मिलने द्वारका पहुँचे और उपहार स्वरूप थोड़ा सा चिवड़ा लेकर गए। श्रीकृष्ण ने अपने मित्र को देखकर प्रेमपूर्वक गले लगाया, उनके चरण धोए और बड़े आदर से उनका स्वागत किया। भगवान ने सुदामा के साधारण उपहार को भी प्रेम से स्वीकार किया। जब सुदामा वापस लौटे, तो उनकी झोपड़ी महल में बदल चुकी थी। यह प्रसंग सच्ची दोस्ती, प्रेम और निस्वार्थ भाव का प्रतीक है। दूसरी ओर, कंस अत्याचारी राजा था। आकाशवाणी हुई थी कि उसकी बहन देवकी का आठवाँ पुत्र उसका वध करेगा। भय के कारण कंस ने देवकी और वसुदेव को कारागार में बंद कर दिया। जब श्रीकृष्ण का जन्म हुआ, तब वसुदेव उन्हें गोकुल में नंद बाबा के यहाँ छोड़ आए। बड़े होकर श्रीकृष्ण ने अनेक राक्षसों का संहार किया। अंततः वे मथुरा पहुँचे और कंस के विशाल अखाड़े में उससे युद्ध किया। भगवान श्रीकृष्ण ने कंस का वध कर अत्याचार का अंत किया और धर्म की स्थापना की। यह कथा हमें सच्ची मित्रता, भक्ति, साहस और अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश देती है। श्रीमद्भागवत महापुराण में भगवान श्रीकृष्ण के जीवन की अनेक प्रेरणादायक कथाएँ वर्णित हैं।

इनमें सुदामा जैसी सच्ची मित्रता और कंस वध का प्रसंग विशेष महत्व रखता है। श्रीकृष्ण और सुदामा बचपन के मित्र थे। दोनों ने गुरु संदीपन मुनि के आश्रम में साथ शिक्षा प्राप्त की। समय के साथ श्रीकृष्ण द्वारका के राजा बन गए, जबकि सुदामा अत्यंत गरीब ब्राह्मण के रूप में जीवन बिताने लगे। गरीबी के बावजूद सुदामा ने कभी अपने मित्र से सहायता नहीं माँगी। पत्नी के आग्रह पर वे श्रीकृष्ण से मिलने द्वारका पहुँचे और उपहार स्वरूप थोड़ा सा चिवड़ा लेकर गए। श्रीकृष्ण ने अपने मित्र को देखकर प्रेमपूर्वक गले लगाया, उनके चरण धोए और बड़े आदर से उनका स्वागत किया। भगवान ने सुदामा के साधारण उपहार को भी प्रेम से स्वीकार किया। जब सुदामा वापस लौटे, तो उनकी झोपड़ी महल में बदल चुकी थी। यह प्रसंग सच्ची दोस्ती, प्रेम और निस्वार्थ भाव का प्रतीक है। दूसरी ओर, कंस अत्याचारी राजा था। आकाशवाणी हुई थी कि उसकी बहन देवकी का आठवाँ पुत्र उसका वध करेगा। भय के कारण कंस ने देवकी और वसुदेव को कारागार में बंद कर दिया। जब श्रीकृष्ण का जन्म हुआ, तब वसुदेव उन्हें गोकुल में नंद बाबा के यहाँ छोड़ आए। बड़े होकर श्रीकृष्ण ने अनेक राक्षसों का संहार किया। अंततः वे मथुरा पहुँचे और कंस के विशाल अखाड़े में उससे युद्ध किया। भगवान श्रीकृष्ण ने कंस का वध कर अत्याचार का अंत किया और धर्म की स्थापना की। यह कथा हमें सच्ची मित्रता, भक्ति, साहस और अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश देती है

# वांटेड सटोरिए पुलिस लिस्ट से डिलीट नहीं हुए : एडीजी

**झांसी**। कानपुर जोन की अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) बनने के बाद सीनियर आईपीएस अनुपम कुलश्रेष्ठ बुधवार को पहली बार झांसी पहुंची। यहां पर पुलिस अफसरों, व्यापारियों और जनप्रतिधियों से मुलाकत कर जिले की स्थिति पर बातचीत की।

उन्होंने कहा- झांसी में सट्टे पर जो कार्रवाई हुई है। उसका मैंने खुद संज्ञान लिया है और केस की पूरी स्टडी कर ली है। जो लोग वांटेट है, वो हमारी लिस्ट से डिलीट नहीं हुए हैं। उनके खिलाफ भी कार्रवाई होगी। इसमें जो भी लोग शामिल है, किसी को बक्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा- झांसी में सट्टा, साइबर क्राइम खासकर कृप्टो करंसी पर जो कार्रवाई हुई है, वो बहुत सराहनीय है। इसलिए मैंने एसएसपी बीबी जीटीएस मूर्ति और सहायक पुलिस अधीक्षक अरीबा नोमान को प्रशस्त्रि पत्र दिया है। एडीजे ने कहा- एसएसपी और उनके अधीन अफसरों व एसएचओ के साथ मीटिंग की है। मैंने लाइन ऑर्डर और क्राइम कंट्रोल को लेकर निर्देश दिए हैं। अब अपराधियों के खिलाफ शिकंजा और टाइट किया जाएगा। यहां जो भी क्राइम हो रहा है, उसमें कोई भी क्रिमिनल छूट न पाए। कड़ी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निर्देश दिए है कि जो भी शिकायतकर्ता है और न्याय से वंचित है। अगर वो हमारे पास आए तो उसकी बात को संवेदनपूर्ण ढंग से सुने और न्यायपूर्ण ढंग से समस्या का समाधान करें। ताकि उसे न्याय मिले और वो संतुष्ट होकर घर जा सके। उन्होंने कहा- बंगरा चौकी में आगजनी की घटना को लेकर एसएसपी अपने स्तर पर जांच करा रहे हैं। उसके बाद ही कुछ बता पाएंगे। एडीजे ने कहा- मुहर्रम को लेकर हम लोग पहले से ही काम कर रहे थे। सीएम के जो निर्देश है, उसके अनुसार, कार्रवाई की जा रही है। ताजिया का हाइट 10 से 12 फुट का न हो। इसको बनाने वाले कारीगारों से पुलिस संवाद कर चुकी है। निर्धारित हाइट से ज्यादा न बढ़े। निर्धारित डेसीबल पर डीजे बजे। अस्त शस्त्र का प्रदर्शन न हो। यह सब ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा- व्यापार मंडल के व्यापारी के साथ बैठक की। उनकी कुछ समस्या क्रॉस बॉर्डर को लेकर है। ट्रांसपोर्टर को प्रोब्लम है, जब वे बॉर्डर क्रॉस करके जाते हैं तो उनको उत्तर प्रदेश के बाहर दूसरे राज्यों में समस्या आती है। सरार्फा व्यापारियों ने क्रॉस बॉर्डर को लेकर कुछ समस्याएं बताई। मैंने लिखकर समस्याएं मांगी है। साथ ही एसएसपी को निर्देश दिए हैं कि जल्द ही वे झांसी से लगने वाले बॉर्डर के एसपी के साथ बैठक कर समस्याओं का निपटारा करें।

# चौकी प्रभारी ने वारंटी अभियुक्त को दबोच कर भेजा जेल

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 17 जून** अदालत से बार-बार गैर हाजिर होना अभियुक्त के लिए महंगा पड़ा वही सीजेएम अदालत से आए हुए वारंटी अभियुक्त को चौकी प्रभारी ने बीती शाम गिरफ्तार कर संबंध वारंट के तहत अदालत में भेजा। पुलिस के मुताबिक रामगंज चौकी प्रभारी विशाल भड़ाना ने अदालत से आए हुए वारंट को कोतवाली कार्यालय से प्राप्त कर सिपाही सुनील सिंह पुलिस बल के साथ मंगलवार की शाम वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में जुटे हुए थे वही मुखबिर की सूचना मिलते ही मोहल्ला रामगंज कालपी निवासी वारंटी अभियुक्त रविंद्र सिंह उर्फ कटरा पुत्र स्वर्गीय धर्म सिंह को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर कोतवाली के हवालात में बंद किया उक्त वारंट के तहत अभियुक्त को बुधवार के दिन पुलिस अभिरक्षा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में डाक्टरी परीक्षण कराकर जेल भेजा।

# घर जाने के लिए निकला युवक झाड़ियों में पड़ा मिला

झांसी। जनपद से सटे मध्य प्रदेश के प्रतापपुरा में एक युवक ने सुसाइड कर लिया। 6 दिन पहले वह घर जाने की बात कहकर निकला था। इसके बाद जहर खा लिया। कुछ देर बाद ही वह झाड़ियों में बेहोश पड़ा मिला था। पुलिस ने परिजनों की मदद से उसे झांसी मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया था। इलाज के दौरान बुधवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पूरा मामला झांसी से लगभग 8 किलोमीटर दूर ओरछा थाना क्षेत्र का है। मृतक का नाम अशोक (23) पुत्र राममिलन विश्वकर्मा था। वह छतरपुर के चुरमारी गांव का रहने वाला था। मृतक के भाई चंदू विश्वकर्मा ने बताया- मेरा बड़ा भाई अशोक ओरछा थाना क्षेत्र के प्रतापपुरा में किराए के मकान में रहता था। पास की अपेक्स फैक्ट्री में काम करता था। वह नशे का आदि था। इसलिए उससे अलग दूसरे किराए के कमरे में रहता था। 11 जून को भाई घर जाने की बात कहकर निकले थे। 3 घंटे के बाद पुलिस का फोन आया कि कमरे से लगभग 500 मीटर दूर भाई बेहोश पड़े हैं। उन्होंने जहर का सेवन कर लिया था। उनको तुरंत झांसी मेडिकल कॉलेज लेकर आया।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718